

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 153 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 19 मार्च 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया


# 'मैं कानून मंत्री से उलझना नहीं चाहता...', कॉलेजियम सिस्टम की तरफदारी करते हुए CJI चंद्रचूड़ बड़ा बयान

नई दिल्ली. देश के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को न्यायाधीशों की नियुक्ति करने वाली न्यायाधीशों से बनी कॉलेजियम प्रणाली का बचाव करते हुए कहा कि कोई प्रणाली पूर्ण नहीं होती, लेकिन यह हमारे पास उपलब्ध सबसे बेहतरीन प्रणाली है. कॉलेजियम प्रणाली केंद्र सरकार और न्यायपालिका के बीच विवाद का एक प्रमुख वजह रही है. इंडिया टुडे कॉन्क्लेव-2023 में बोलते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि यदि न्यायपालिका को स्वतंत्र रहना है तो इसे बाहरी प्रभावों से बचाना होगा.

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, "हर प्रणाली पूर्ण नहीं होती, लेकिन यह सबसे बेहतरीन प्रणाली है जिसे हमने विकसित किया है. लेकिन मकसद न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सुरक्षित करना था, जो एक प्रमुख मूल्य है. अगर न्यायपालिका को स्वतंत्र रखना है तो हमें न्यायपालिका को बाहरी प्रभावों से अलग रखना होगा."



किरेन रीजीजू की ओर से नाखुशी जताने पर दिया जवाब उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम प्रणाली को लेकर कानून मंत्री किरेन रीजीजू की ओर से नाखुशी जताने पर भी चीफ जस्टिस ने जवाब दिया. चीफ जस्टिस ने कहा, "धारणाओं में अंतर होने में क्या गलत है? लेकिन, मुझे अलग-अलग धारणाओं से एक मजबूत संवैधानिक अगुआ की भावना के साथ निपटना होगा. मैं इन मुद्दों में कानून मंत्री से नहीं उलझना चाहता, हम अलग-अलग धारणा रखने के लिए बाध्य हैं."

**कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ रीजीजू काफी मुखर रहे हैं और वह एक बार इसे 'संविधान के परे' की चीज बता चुके हैं.**

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि उन पर सरकार से इस बात के लिये कोई दबाव नहीं है कि मामलों में किस तरह से निर्णय लिया जाये. चीफ जस्टिस ने कहा, "मैं 23 सालों से न्यायाधीश हूं, लेकिन किसी ने कभी मुझसे यह नहीं कहा कि मामले में किस तरह निर्णय लेना है. यहां सरकार से कोई दबाव नहीं पड़ा. चुनाव अयोग का फैसला इस बात का प्रमाण है कि न्यायापालिका पर कोई दबाव नहीं है."

उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में फैसला दिया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सलाह पर की जाएगी जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और देश के चीफ जस्टिस शामिल होंगे.

# नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता होंगी कथावाचक डा. रागिनी मिश्रा

**- तीन और आर अप्रैल को दो दिवसीय संगोष्ठी का होगा आयोजन**

**- जनपद के परदहां ब्लाक के सरवां गांव की निवासी है डा. रागिनी**

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

मऊ : त्रिभुवन विश्व विद्यालय कीर्तिपुर काठमांडू नेपाल और श्री राम सुहाग तिलक कालेज आफ एजुकेशन ओवा, जहनाबाद बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन और चार अप्रैल को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डा. रागिनी मिश्रा को मुख्य वक्ता बनाया गया है। संगोष्ठी की अध्यक्षता डा. कृष्ण चंद्र मिश्र करेंगे। संगोष्ठी में भारत सहित विभिन्न देश के लोग भी शामिल हो रहे है। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में जनपद के परदहां ब्लाक की सरवां निवासी साहित्यकार और अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डा. रागिनी मिश्रा शामिल होंगी। डा. रागिनी मिश्रा ने बताया कि वैश्विक परिदृष्य में शिक्षा साहित्य और समाज की भूमिका पर विश्व विद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी के लिए श्री राम सुहाग कालेज के प्राचार्य डा. अमित दूबे का आमंत्रण मिला है। डा. रागिनी मिश्रा छह वर्ष की उम्र से ही भागवत कथा वाचन कर रही है। उन्होंने अब तक देश के अनेक हिस्सों में कथा वाचन किया है। इसके साथ ही वह अपनी शिक्षा को भी अनवरत रूप से जारी रखा है। 12 वीं की पढ़ाई के बाद उन्होने स्तानक, स्नाकोत्तर और रिसर्च के दौरान वह सर्वोच्च स्थान पाया है, इसके लिए उनको फेलोशिप भी मिला है। अभी वह जेआ-रएफ की परीक्षा को पास कर दिल्ली विश्व विद्यालय में अध्यापन के लिए आवेदन किया था, परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अब सिर्फ साक्षात्कार शेष है। बातचीत के दौरान बताया कि सनातन धर्म के प्रचार व प्रसार जीवन का उदेश्य है। एक सन्यासी के रूप में युवओं को धर्म कर रक्षा के प्रेरित करना है। पश्चिम का साहित्य कूटरचित तरीके से हमारी पीढ़ी को भ्रमित कर रहा है। इससे सचेत और चैतन्य रहना है।



# दैनिक समाज जागरण अखबार को मिला "बेस्ट न्यूज पेपर इन इंडिया 2023" का अवार्ड।

## अवार्ड से नवाजे गए दैनिक समाज जागरण के मुख्य संपादकः रमन झा

***अपने अपने क्षेत्र में कार्यकुशलता के लिए 33 प्रतिभागियों को दिए गए सर्वश्रेष्ठ अवार्ड।***

**दैनिक समाज जागरण**
**धनंजय कुमार वैद्य, ब्यूरो चीफ झारखंड (प्रदेश) /रमन कुमार झा मुख्य संपादक**

(नई दिल्ली) 18 मार्च 2023 / नई दिल्ली के एनडीएमसी आडोटोरियम में आयोजित कार्यक्रम एनएआई30 में आज मीडिया के क्षेत्र में कार्यरत देश के नामचीन मीडिया ( बैनर ) जगत से जुड़े, हस्तियों को, अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतर कार्य के उपरांत, बेस्ट ईयर अचीप्मेंट अवार्ड 2023 , के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

अवार्ड समारोह का आयोजन नई दिल्ली में शनिवार को एनडीएमसी आडोटोरियम मे किया गया। जो कि 4:00 बजे से शुरू होकर देर शाम तक चली। इस अवार्ड समारोह मीडिया जगत से जुड़े 33 लोगों को सम्मान श्री अजय भट्ट एम ओ एस मिनिस्टर रक्षा मंत्रालय भारत सरकार, प्रोफेसर संजय द्विवेदी महानिदेशक भारतीय जनसंचार संस्थान,(सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार), आईपीएस संजय सिंह (दिल्ली पुलिस) के द्वारा, अवार्ड प्रदान किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से, दैनिक समाज जागरण अखबार को "बेस्ट ईयर ऑफ न्यूज पेपर" के लिए अखबार के मुख्य संपादक रमन झा, को दिया गया।

वही राजीव धोंडीवाल को बेस्ट एंकर अवार्ड, रमेश चंद्रा को बेस्ट एडिटर इन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रतीक त्रिवेदी को पब्लिक डिबेट, सत्येंद्र त्रिपाठी बेस्ट एडिटर इन प्रिंट, जी न्यूज यूपी उत्तराखंड बेस्ट रीजनल न्यूज के लिए अवार्ड से नवाजा गया। इसके अलवा कई भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले समाज सेवी, औधोगिक संगठनो को भी अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।




वक्ताओं ने बताया कि आज जिन हस्तियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सबसे बेहतर कार्य किए हैं उसके लिए उन्हें यह सम्मान दी जा रही है मुझे विश्वास है आगे भी यह और बेहतर कार्य करेंगे । संस्था के महासचिव श्री विपिन गौड़ ने आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन भाषण में कहा




कि " न्यूज पेप एसोसिएशन आफ इंडिया" जो कि 30 वर्षों से लगातार पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले सम्मानित पत्रकारों का के लिए न सिर्फ आवाज उठाती रही है बल्कि उनके सम्मान के लिए तरह तरह के कार्यक्रम भी आयोजित करती रही है। उन्होंने बताया कि यह एक मात्र न संस्था है जिसमें सिर्फ पत्रकारिता से जुड़े लोगों को ही नही बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों नें कार्य कर रहे प्रतिभाओं को लगातार सम्मानित करने का कार्य करती रही है। आज का यह कार्यक्रम भी पूरी तरह से देश के जवानों को समर्पित है जो हमारे लिए देश के सीमा पर डटे हुए है।



कार्यक्रम में सांस्कृतिक तथा देशभक्ति से सराबोर रंगारंग कार्यक्रम बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसके लिए कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्य अतिथिगण व कार्यक्रम हॉल मे बैठे सभी महानुभावों नें तालियों के गड़गड़ाहट से बच्चों का हौसला अफजाई किया।

कार्यक्रम में अलंकरण के लिए चयनित नामों की सिफारिश का अनुमोदन पुरुस्कार समिति को एन ए आई न्यूज पेपर्स ऐसोसिएशन आफ इंडिया के उत्तरी भारत चेयरमैन पूर्व प्रधान मंत्री भारतरत्न नंदा के संस्थागत उत्तराधिकारी कृष्णराज अरुण ने किया था। कार्यक्रम के उपरान्त उन्होंने सम्मान से नवाजे गए सभी अवार्डी को शुभकामना दी है। उन्होंने कहा है कि सेहत में थोड़ी गड़बड़ी के कारण मै कार्यक्रम में शामिल नही हुआ जिसका मलाल मुझे भी है। मै उन सभी प्रतिभाओं को शुभकामनाएँ देता हूँ जो आज एनएआई के पटल पर नवाजे गए है। इसके साथ ही एनएआई के महासचिव श्री विपिन गौड़ जी और पूरे टीम को भी सफल आयोजन के लिए शुभकामना देता हूँ ।


वही दैनिक समाज जागरण के मुख्य संपादक श्री रमन झा ने अवार्ड समारोह उपरांत बताया कि यह अवार्ड हमारी खुद की नहीं है , बल्कि हमारे दैनिक समाज जागरण परिवार से जुड़े तमाम सहयोगियों की है जिनके मेहनत और लगन के बदौलत आज यह मुकाम हासिल हुआ है। जो आज दैनिक समाज जागरण अखबार को बेस्ट ईयर ऑफ न्यूज पेपर के सम्मान से मुझे आज नवाजा गया है, मैं उन तमाम प्रखंड संवाददाता, जिला संवाददाता, राज्य स्तर पर जुड़े ब्यूरो प्रमुख सहित सभी पत्रकार को दिल से बधाई देता हूं खासकर प्रिंट यूनिट संपादक जुली झा जी को,जिन्होंने रात दिन एक कर कदम से कदम मिलाकर हम लोगों के साथ चली अखबार मे समाचार अलग अंदाज से पाठकों के समक्ष परोसने का कार्य किया है। जिसका श्रेय आज अवार्ड के रूप मे हम सभी को मिला है। मैं उन तमाम पाठकों को भी दिल से बधाई देता हूं जिन्होंने दैनिक समाज जागरण अखबार को प्यार दिया है मुझे विश्वास है सभी पाठक आगे भी अखबार को अपना प्यार देते रहेंगे । उन्होंने एनएआई को भी सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त किया है।

**संपादनः जुली झा सह संपादक**

# अंधेरे में डूबा चौकियां धाम, विद्युतापूर्ति कराने में प्रशासन फेल

**पूरे शहर के साथ गुरुवार को रात्रि 10 बजे से शीतला चौकियां धाम में छाया रहा अन्धेरा, पानी के लिए हाहाकार, पालिका के टैंकर से पहुंचे पानी के लिए उमड़ी भीड़**

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



चौकियां धाम, जौनपुर। बीते गुरुवार रात्रि दस बजे से लुप्त हुई बिजली शनिवार शाम तक नहीं आई। 40 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आस्था के केंद्र शीतला चौकियां में बिजली की आपूर्ति जिला प्रशासन कराने में नाकामयाब रहा। अधिकारी व कर्मचारी शुक्रवार की रात तक विद्युत फाल्ट खोजते रहे जो शनिवार की शाम तक नहीं मिला। धाम में शनिवार की सुबह दूर–दराज से पधारे दर्शनार्थियो को कड़ाही पूजन करने के लिए पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ा। हालांकि नगर पालिका द्वारा भेजे गये पानी के टैंकर पर बाल्टी, डिब्बा लेकर कुछ लोग पानी भर रहे हैं। शनिवार की शाम 3 बजे से नगर पालिका द्वारा बड़े जगलेटर से पानी की सप्लाई आपूर्ति धाम क्षेत्र में की गई। क्षेत्रावासियों को पीने का पानी भरते हुए नजर आए। मंदिर परिसर के अगल–बगल स्थित माला, फूल, प्रसाद, बिसातबाना आदि की दुकानों पर गुरुवार रात्रि से ही अंधेरा छाया हुआ है। बिन बिजली सब सून की तर्ज पर धाम की रौनक गायब दिखाई दे रहा है। क्षेत्र में कुछ लोग किराए पर जनलेटर लगाकर रात्रि में पानी भरते नजर आ रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि किराए पर जनरेटर भी नहीं मिल रहा है जिससे बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था हो सके। बिजली आपूर्ति न होने पर छेत्र में त्राहिमाम मचा हुआ है।

# स्कूलों में खुलने लगीं किताबों की दुकानें

## *पेरेंट्स को भेजे जा रहे नोटिस, शिक्षा निदेशालय से कार्रवाई की मांग*

**(सीएचपी न्यूज डेस्क)**

फरीदाबाद. 1 अप्रैल से शिक्षा सत्र शुरू होने जा रहा है लेकिन प्राइवेट स्कूलों में अभी से किताब-कॉपियों की दुकानें लगना शुरू हो गई हैं. स्कूल प्रबंधन छात्रों के घरों पर भी नोटिस जारी कर रहे हैं और पेरेंट्स से 1 अप्रैल से पहले-पहले किताबें खरीदने की बात कह रहे हैं. इसकी शिकायत अब अभिभावकों के संगठन ने शिक्षा निदेशालय हरियाणा शिकायत भेजी है और स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. अभिभावकों के संगठन अभिभावक एकता मंच ने शिकायत में कहा है कि प्राइवेट स्कूल नए शिक्षा सत्र में बढ़ाई गई फीस की जानकारी व स्कूल के अंदर खुली दुकान या अपनी बताई गई दुकान से नई किताब कॉपी खरीदने का नोटिस और सर्कुलर पेरेंट्स को भेज रहे हैं. हरियाणा अभिभावक एकता मंच का आरोप है कि स्कूल प्रबंधकों ने एक तो शिक्षा निदेशक पंचकूला की मंजूरी के बिना मनमानी फीस वृद्धि कर दी है दूसरा स्कूलों में सस्ती एनसीईआरटी की किताबों की जगह निजी प्रकाशकों की मोटी व महंगी किताबों को लगाया जा रहा है.

मंच ने कहा कि जो कॉपी बाजार में 20 रुपये की मिलती है उस पर स्कूल का लेबल लगा कर उसे 40 से 50 रुपये में बेचा जा रहा है. नियम ये है कि 5 साल से पहले स्कूल की यूनिफॉर्म नहीं बदल सकते, इसके बावजूद कई स्कूलों ने वर्दी बदल दी है. इतना ही नहीं कई स्कूल हफ्ते में तीन दिन अलग-अलग रंग की यूनिफॉर्म लगा रहे हैं. मंच ने स्कूलों के इन नियम विरुद्ध कामों की जानकारी चेयरमैन एफएफआरसी कम मंडल कमिश्नर फरीदाबाद को भी पत्र लिखकर दी है और उनसे दोषी स्कूलों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है.


## नारायणगढ़ हरियाणा में स्थापित हुआ दैनिक समाज जागरण कार्यालय

**हरियाणा की ऐतिहासिक नगर नारायणगढ़ में नोयडा से प्रकाशित चर्चित समाचार पत्र ^^ दैनिक समाज जागरण^^ कार्यालय सरकारी पेट्रोलपंप के पीछे चंडीगढ़ रोड में स्थापित हो गया है -**

खबरों विज्ञापनों के लिए सम्पर्क -

9802414328 /70 270 54 8 7 1

# हूवर बांध : जो खुद कमाता -खाता है

**समाज जागरण**

अमरीकियों की खासियत है कि वे सफेद हांथी नहीं पालते। अमरीकी अगर हाथी पालते भी है तो उसी से कमाते -खाते भी है। अमेरिका में लॉस वेगास से कोई 70 किमी दूर दुर्गम पहाड़ियों को काटकर कोलोराडो नदी पर बना हूवर बांध इस बात का उदाहरण हैं।

दुनिया में किले,बांध और दीवारें आड़े वक्त में जनता को रोजगार देने या फिर सत्ता की सनक के चलते बनते रहे हैं। लोककल्याण और विकास भी एक वजह रही है। हूवर बांध के निर्माण के पीछे लोक कल्याण और विकास असली वजह रही। जैसे भारत में सरदार सरोवर बांध है उससे भी दुर्गम हूवर बांध है।हूवर सफेद हांथी नहीं है।इस बांध का रखरखाव यहां बनने वाली बिजली बेचकर और पर्यटकों से लिए जाने वाले पार्किंग शुल्क से हो जाता है।

बात बीसवीं सदी के शुरू की है।1900 में एरिजोना और नावेदा राज्य की सीमा पर ब्लेक केनियन और बोल्डर के निम्न के बीच की पर्वत श्रृंखला को काटकर बाढ़ रोकने, सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने और विद्युत उत्पादन करने के मकसद से एक बांध बनाने का विचार किया गया।

कोई 28 साल बाद सरकार ने बांध परियोजना को हरी झंडी दिखाई।छह कंपनियों ने इसका ठेका लिया और 1931 में निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

अमेरिका में या दुनिया में कहीं भी सीमेंट कांक्रीट की इतनी बड़ी संरचना कभी बनी नहीं थी। तकनीक भी प्रामाणिक न थी, लेकिन इच्छाशक्ति सबसे बड़ा बल था। छहो कंपनियों ने विपरीत परिस्थितियों के चलते हुए भी 1936 में ये बांध समय से दो साल पहले बनाकर तैयार कर लिया।बांध जिसने देखा दांतों तले उंगलियां दबा लीं।तेज गर्मी की वजह से बांध बनाते समय सौ से ज्यादा श्रमिकों की जान गई, लेकिन जो चीज सामने आई वो अद्वितीय थी।

हूवर बांध आज एरिजोना, नेवादा और केलिफोर्निया को बिजली बेचता है। सरकार ने यहां कोई विशाल मूर्ति लगाए भी बांध को एक ऐसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर दिया है जहां कि प्रति वर्ष 07 मिलियन पर्यटक आते हैं।

हूवर बांध तक पहुंचने के लिए शानदार फोरलेन सड़क है।बांध तक जाने से पहले सुरक्षा जांच होती है।आप यहां कार पार्किंग का 10 डालर देकर पांच मंजिला पार्किंग में कार खड़ी कर लिफ्ट के जरिए बांध तक जा सकते हैं।

बांध घूमने के लिए आप टूर गाइड की सेवाएं भी ले सकते हैं। हां ये मंहगा सौदा है। बांध के ऊपर गगन चुंबी पुल देखते ही बनता है। पर्यटकों के लिए वातानुकूलित और ओपन एयर रेस्टोरेंट है, साथ ही एक शानदार सोविनयर शाप भी।

बांध का नाम तत्कालीन राष्ट्रपति हार्बर्ट हूवर के नाम पर रखा गया।30 सितंबर 1935 को तबके राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी रूजवेल्ट ने बांध का लोकार्पण किया था। रूजवेल्ट प्रशासन ने बांध का नाम बोल्डर शहर के नाम पर रखा लेकिन 1947 में सरकार ने इसे फिर हूवर का नाम दे दिया जो अब अमरीकी गौरव का प्रतीक है।1931 में इस बांध का बजट 49 मिलियन अमरीकी डालर था जो आज के 700 मिलियन अमरीकी डालर के बराबर होता है।

करीब 726,4फीट ऊंचे और 1244 फीट लंबे इस बांध का एलिवेशन 1232फीट का है। बांध की क्षमता 3250,000क्यूयार्ड है।इसका जलग्रहण क्षेत्र 450000 वर्ग किलोमीटर है। यहां 2032 मेगावाट बिजली बनती है। यदि आपके पास समय है तो इत्मीनान से तीन घंटे में इस बांध का भ्रमण कर सकते हैं। बांध तो खूबसूरत है ही पर्वत श्रृंखला भी मनोहर है।

**@ राकेश अचल**

# पण्डित गुरुदत्त विद्यार्थी

पण्डित गुरुदत्त विद्यार्थी (जन्म- 26 अप्रैल, 1864, मुल्तान, पाकिस्तान; मृत्यु- 19 मार्च, 1890) आर्य समाज के प्रसिद्ध नेता थे। वे स्वामी दयानन्द सरस्वती के शिष्य थे। पण्डित गुरुदत्त विद्यार्थी की गिनती आर्य समाज के पाँच प्रमुख नेताओं में की जाती थी। दयानन्द सरस्वती के देहान्त के बाद गुरुदत्त विद्यार्थी ने उनकी स्मृति में 'दयानन्द एंग्लो वैदिक कॉलेज' की स्थापना का प्रस्ताव रखा था। गुरुदत्त विद्यार्थी, लाला लाजपत राय और लाला हंसराज के प्रयत्नों से ही 1 जून, 1886 को लाहौर, पाकिस्तान में डीएवी स्कूल की स्थापना हुई थी।

### जन्म

पण्डित गुरुदत्त विद्यार्थी का जन्म 26 अप्रैल, 1864 ई. में ब्रिटिश कालीन पाकिस्तान के मुल्तान में प्रसिद्ध वीर सरदाना कुल में हुआ था। इनके पिता का नाम लाला रामकृष्ण था, जो फारसी के प्रसिद्ध विद्वान् थे। गुरुदत्त जी ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा मुल्तान में पाई और फिर लाहौर आ गए। यहाँ लाला हंसराज और लाला लाजपत राय भी पढ़ रहे थे। तीनों की आपस में बहुत घनिष्ठता हो गई। गुरुदत्त को विज्ञान में रुचि थी, इसके कारण वे हर चीज को विज्ञान की कसौटी पर कस कर देखते थे। उनके इस स्वभाव के कारण उनका व्यवहार नास्तिक हो गया था। पण्डित गुरुदत्त ने विज्ञान वर्ग से एम.ए. तक की शिक्षा प्राप्त की थी। कुछ समय बाद पण्डित गुरुदत्त विद्यार्थी आर्य समाज के सम्पर्क में आये। समाज के उद्देश्य और ज्ञान का अध्ययन करने के बाद वे आस्तिक हो गये। 1883 में जब स्वामी दयानन्द सरस्वती बीमार थे, तो लाहौर से दो लोगों को उनकी सेवा के लिये भेजा गया, जिसमें से एक गुरुदत्त भी थे।

### अत्यन्त मेधावी एवं वैरागी प्रकृति

गुरुदत्त की शिक्षा मुल्तान व लाहौर में सम्पन्न हुई थी। जन्म से ही आप अत्यन्त मेधावी थे और वैरागी प्रकृति के थे। विद्यार्थी जीवन व युवावस्था में पुस्तकों को पढ़ने में आपकी सर्वाधिक रुचि एवं लगन थी। जो भी पुस्तक हाथ में आती थी उसे आप अल्प समय में ही आद्योपान्त पढ़ डालते थे। बचपन में ही आपने उर्दू व अंग्रेजी के प्रसिद्ध विद्वानों के ग्रन्थों को पढ़ लिया था। उर्दू में कविता भी कर लेते थे। विज्ञान आपका प्रिय विषय था। पाश्चात्य वैज्ञानिकों की तरह ही आप नास्तिक तो नहीं परन्तु ईश्वर के अस्तित्व में संशयवादी अवश्य हो गये थे। लाहौर स्थित देश के सुप्रसिद्ध गर्वनमेंट कालेज के आप सबसे अधिक मेधावी व योग्यतम विद्यार्थी थे तथा अपनी कक्षा में सर्वप्रथम रहा करते थे। विज्ञान में एम.ए. में भी आप पूरे पंजाब में सर्वप्रथम रहे जिसमें सारा पाकिस्तान एवं दिल्ली तक भारत के अनेक भाग सम्मिलित थे। यद्यपि आप व्यायाम आदि करते थे और स्वास्थ्य का ध्यान भी रखते थे परन्तु पढ़ने का शौक ऐसा था कि इस कारण से आप असावधानी कर बैठते थे। 26 वर्ष की आयु पूरी होने से एक सप्ताह पूर्व ही आपका देहान्त हो गया था। इस कम आयु में भी आपने अनेक अविस्मरणीय कार्य किए जिससे आपको सदा याद किया जाता रहेगा।[1]

### दयानन्द सरस्वती के शिष्य

महर्षि दयानन्द के जीवनकाल 1825-1883 में देश भर के अनेक लोग उनके सम्पर्क में आये जिनमें से कई व्यक्तियों को उनका शिष्य कहा जा सकता है परन्तु सभी शिष्यों में पं. गुरूदत्त विद्यार्थी उनके अनुपम व अन्यतम शिष्य थे। आपने महर्षि दयानन्द के बाद स्वयं को उन जैसा बनाने का प्रयास किया था। वैदिक विद्याओं एवं वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार में आपकी भी वही भावना थी और वैसा ही उत्साह था जैसा कि महर्षि दयानन्द में देखने को मिलता था। इसलिए सभी मित्र और निकट सहयोगी आपको वैदिक धर्म का सच्चा विद्वान् व नेता स्वीकार करते थे। पं. गुरूदत्त विद्यार्थी को इस बात का श्रेय प्राप्त था कि उन्होंने महर्षि दयानन्द के न केवल दर्शन ही किए थे अपितु उनकी मृत्यु के दृश्य को कुछ ही दूरी से सामने से देखा था। उन दिनों आप ईश्वर के अस्तित्व के प्रति संशयवादी थे। जिन शरीरिक कष्टों से महर्षि दयानन्द आक्रान्त थे और उस पर भी जिस सहजता से उन्होंने मृत्यु का संवरण किया उसे देखकर पण्डित गुरुदत्त जी दंग रह गये थे और उनका नास्तिकता मिश्रित



संशयवाद तत्क्षण दूर हो गया था। इस घटना के बाद तो आपका जीवन पूरी तरह से ज्ञानार्जन, वेदों के प्रचार-प्रसार व सामाजिक कार्यों में व्यतीत हुआ। महर्षि दयानन्द के बाद उनके साक्षात शिष्यों में संस्कृत व्याकरण का कोई प्रमुख प्रथम विद्वान् हुआ तो वह आप ही थे। आपने आर्य समाज, लाहौर की सदस्यता लेकर संस्कृत का अध्ययन आरम्भ कर दिया था। आप मेधावी तो थे, इसलिये संस्कृत का आपका अध्ययन शीघ्र ही पूरा हो गया था। न केवल आपने संस्कृत पढ़ी ही अपितु उस युग में संस्कृत के सबसे बड़े समर्थक थे। यह बात तब थी जब कि आपका अंग्रेजी पर असाधारण अधिकार था। आज भी ग्रेजी के विद्वानों को आपके ग्रन्थों को पढ़ने के लिए अंग्रेजी के शब्द कोषों आदि का सहारा लेना पड़ता है। संस्कृत के प्रचार-प्रसार का कार्य महर्षि दयानन्द के बाद यदि प्रथम प्रभावशाली रूप से किसी ने किया तो वह पं. गुरुदत्त जी ने ही किया। आपने अपने घर पर ही संस्कृत श्रेणी व कक्षायें खोल रखी थी जिसमें सरकारी सेवा में कार्यरत बड़ी संख्या में लोग संस्कृत अध्ययन किया करते थे जिनमें कई उच्चाधिकारी थे। संस्कृत पर आपके असाधारण अधिकार का प्रमाण आपका ईश, माण्डूक्य व मण्डूक उपनिषदों का अंग्रेजी में किया गया प्रभावशाली व प्रशंसनीय भाष्य एवं अनुवाद है। यह कार्य उन दिनों सरल नहीं था और इस कोटि का भाष्य अंग्रेजी में किया जाना शायद् किसी के लिए भी सम्भव नहीं था। भारतीय धर्म व संस्कृति का मूल आधार वेद और वैदिक साहित्य है जो संसार में प्राचीनतम व उत्पत्ति व रचना की दृष्टि से प्रथम है। अंग्रेज भारत में आये तो भारतीयों को गुलाम बनाया और चाहते थे कि उनका शासन चिर स्थाई हो। उन्होंने यहां के धर्म व धर्म ग्रन्थों का अध्ययन भी किया व कराया जिससे यह निष्कर्ष निकला कि भारतीय धर्म व संस्कृति के ग्रन्थों का मिथ्यानुवाद व तिरस्कार किये बिना अंग्रेजों का राज्य स्थाई रूप नहीं ले सकेगा। अतः प्रो. मैक्समूलर आदि अनेक अंग्रेज विद्वानों ने संस्कृत का अध्ययन कर वेद और वैदिक साहित्य पर असत्य, भ्रामक, अविवेकपूर्ण व पक्षपातपूर्ण टिप्पणियां कीं।[1]

### डीएवी कॉलेज की स्थापना

दयानन्द जी के देहान्त के बाद गुरुदत्त ने उनकी स्मृति में 'दयानन्द एंग्लो वैदिक कॉलेज' की स्थापना का प्रस्ताव रखा। इसका उपस्थित सभी लोगों ने समर्थन किया और उसी समय आठ हज़ार रुपये एकत्र भी हो गये। इस विद्यालय के कार्य के लिये गुरुदत्त ने देश के कई भागों

## बैठकी

# "आतंकवाद से भी खतरनाक जातिवाद"

## बाहर बहुत ठंढ है! ---- उमाकाका टोपी ठीक करते हुए!

**समाज जागरण**

कल तो और भी ठंढ थी! मैं एक दोस्त के लड़के के विवाह में बारात गया था! द्वार पूजा के दौरान जब गणेश पूजा की दक्षिणा, पंडितजी, 251 रुपये मांगे तो मेरे समधीजी बोले -- पंडितजी, 101 रुपया लिजिये, लूट मत मचाईये! पंडितजी चुपचाप पैसा रख लिये! द्वार पूजा के बाद,हमलोग जनमासे (जहाँ बारात ठहरी है) में आये, यहाँ नाच पार्टी जमी थी! लोग नर्तकी पर रुपये लूटा रहे थे! जोश में समधीजी, मतलब मेरे दोस्त भी नर्तकी को दो बार 5-5 सौ का नोट पकड़ाये!

मैं ये देखकर बड़ा दंग था! हम हिंदूओं में विवाह एक धार्मिक संस्कार है और ये संस्कार , धार्मिक रीति से पूर्ण कराने की जिम्मेवारी पंडितजी निभा रहे हैं! जिनके पांडित्य के बिना विवाह हो नहीं सकता, उनकी मजदूरी देते वक्त हम सोचते हैं कि ये पंडित लूट रहा है और पूर्व निर्धारित साटा (रुपयों) पर आयी नर्तकी पर हजारों रुपये उड़ाने में कोई संकोच नहीं!!! --- मास्टर साहब अजीब सा मुंह बनाये!

मास्टर साहब, यही कारण है कि आजकल पुरोहितगिरी के पुस्तैनी पेशा को ब्राह्मण छोड़ रहे हैं! आज जो भी ब्राह्मण कर्मकांडी है वो अपने बच्चों को इस पेशा में नहीं लाना चाहता! वो प्रयास करता है कि उसके बच्चे भी पढ़ लिख कर डाक्टर, इंजीनियर बने न कि पुरोहितगिरी करे! परिणाम ये हो चला है कि शहर तो शहर है, गाँव में भी ढंग के कर्मकांडी ब्राह्मण नहीं मिल रहे! ---- उमाकाका ने सही कहा!

छोड़िये न! जो थोड़े अच्छे कर्मकांडी ब्राह्मण रह भी गये हैं तो उनका डिमांड इतना है कि "वीआईपी" लोगों से हीं फुरसत नहीं और अच्छी कमाई भी हो रही है! --- सुरेन्द्र भाई भाग लेते हुए!

स्वभाविक है जब माल कम होगा और डिमांड अधिक तो भाव बढ़ेगा हीं! --- कहकर कुंवरजी हंस दिये!

जानते हैं मुगलकाल से लेकर आजतक ब्राम्हणों को हीं टार्गेट किया जाता रहा है! इसके पीछे हिंदू धर्म को समाप्त करने की शाजिस समझिये! -- मैं भी शामिल हुआ!

उ कईसे सरजी! -- मुखियाजी मेरी ओर देखकर!

ऐसे समझिये कि हर पंथ में ब्राह्मण होते हैं! जैसे--मौलाना, मौलवी, इस्लाम में ब्राह्मण हैं, पादरी,विशप, पोप ईसाई में ब्राह्मण हैं वैसे हीं बौद्धभिक्षु, बौद्धों के ब्राह्मण हैं! हर पंथ के ब्राह्मणों को उच्च सम्मान प्राप्त है! जैसे-- अमेरिका का राष्ट्रपति भी अपने पादरी और पोप के सामने सर झुकाता है! यहाँ तक की सभी पंथों के ब्राह्मण दान फर हीं आश्रित रहते हैं! न कोई पादरी या पोप कोई नौकरी या व्यवसाय करता है न मौलाना, मौलवी !और न बौद्धभिक्षु! सब दान दक्षिणा पर हीं जीते हैं!

अब हिंदू ब्राह्मण की अन्य से तुलना करें तो अंतर सिर्फ ज्ञान के स्तर और व्यापकता का है! जहाँ अन्य सिर्फ एक किताब के ज्ञान तक सीमित हैं वहीं एक हिन्दू ब्राह्मण के पास पूरी लाइब्रेरी होती है! एक ब्राह्मण ज्ञानी होता है इसलिए क्योंकि हिन्दू धर्म हीं ज्ञान का भंडार है! अगर एक ब्राह्मण वेदों का अध्ययन करता है तो एक साथ गणित, ज्योतिष, चिकित्सा शास्त्र, विज्ञान, युद्ध कौशल, संगीत,राजनीति आदि का ज्ञान अर्जित करता है! अतः एक हिन्दू ब्राह्मण आलराउंडर होता है जबकि दुसरे पंथों के अपनी किताब से अधिक कुछ नहीं जानते! --- मैं ठहरा!

ठीक कह रहे हैं सरजी, अपने ग्रंथों के अध्ययन के चलते हीं बौद्धिक रूप से ब्राह्मण, दुसरों की अपेक्षा आगे रहा है! अपने बुद्धि बल से हीं सदियों से राष्ट्र की उन्नति और रक्षा में आगे रहा है! जैसे- चाणक्य, विश्वनाथ भट्ट, बाजीराव पेशवा, सावरकर, शंकराचार्य, बालगंगाधर तिलक, चंद्रशेखर आदि आदि! --- मास्टर साहब साथ दिये!

इसीलिये हर विदेशी आक्रांताओं के निशाने पर ब्राह्मण रहा है! मुगल तो अपनी सफलता का मूल्यांकन हीं ब्राह्मणों की हत्या करके इकट्ठा किये गये जनेऊ, की वजन से करते थे! एक अंग्रेज लेखक ने कहा हीं था कि संपूर्ण भारत को गुलाम बनाने में सबसे बड़ा बाधक यहाँ के ब्राह्मण हैं! हाँ याद आया-- फ्रांसिस जेवियर ने कहा था कि " ब्राह्मण न होते तो संपूर्ण भारत को ईसाई बना देता!"--- कुंवरजी अखबार एक ओर रखते हुए!

एक गहरी बात समझिये, वो ये कि यदि ये प्रोपेगेंडा किया जाये कि हर पादरी, मौलाना ठग और पाखंडी है तथा ये अंधविश्वास फैलाते हैं और लोगों को लूटते हैं , भ्रष्ट हैं तो धीरे धीरे लोग चर्च और मस्जिदों में जाना बंद करने लगेंगे! शादियां कोर्ट में होने लगेगी, अंत्येष्टि आदि की रस्में खत्म होने लगेगीं परिणामस्वरूप ये पंथ समाप्त हो जायेंगे! बस ऐसे हीं, हिंदू धर्म को समाप्त करने के उद्देश्य से ब्राह्मणों , पंडितों और मंदिरों को लेकर दुष्प्रचार करवाया जाता रहा है! इसीलिये कहता हूँ कि हिंदूत्व को बचाने के लिए ब्राह्मणों को मजबूत बनना हीं होगा! ---- मैंने दबाव से अपनी रखी!

आज हिंदुस्तान में ब्राह्मणों की जो स्थिति है वो छूपी नहीं है! आंकड़े गवाह हैं! आंध्र प्रदेश में 75 प्रतिशत रसोईये और घर की नौकरानियां ब्राह्मण हैं! आंकड़ों के अनुसार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले ब्राह्मणों का प्रतिशत 60 है!

कर्नाटक सरकार के पराने आंकड़ों के अनुसार आय देखें तो, ईसाईयों का 1562/=, वोक्कालिंग जन. का914/=, मुस्लिम का 794/=, पिछड़ी जातियों का 680/=, पिछड़ी जनजातियों का 577/=, लेकिन ब्राह्मणों का 537/= रुपये है! वहीं रंगनाथस्वामी मंदिर के पुजारी का 300/=, और नियुक्त सरकारी कर्मचारी का 3500/= रुपये है! सच पुछिये तो भारत में ब्राह्मणों की स्थिति बहुत हीं दारुण है लेकिन इस जाति के विरुद्ध ऐसी शाजिस की गई कि लोग समझें कि ये बहुत संपन्न, और शोषक रहे हैं ताकि हिन्दू समाज में इनकी कोई न सुनें जिससे हिंदू धर्म और हिंदूत्व को खत्म करने में आसानी हो! ---- उमाकाका तैश में लगे!

कुछ भी कहा जाय, मुगलकाल से लेकर अबतक जिस तरह हिंदू धर्म और हिंदूत्व के विरुद्ध शाजिसें की गई वो तो स्पष्ट झलकता है लेकिन आजादी के बाद भी शाजिसें रुकी नहीं बल्कि जातिवादी राजनीति ने इसे चरम पर ला छोड़ा है! फिर भी इतना तो सभी को दिख रहा है कि जो जातिवाद का घृणात्मक स्वरूप का इतिहास हमें पढ़ाया जाता रहा है वो धरातल पर है नहीं! वैसे भी आज के डेट में सामाजिक प्रस्थिति का निर्धारक तत्व जाति न रह कर आर्थिक स्थिति बन चूकी है! फिर भी आज के जातिवादी राजनीति इसे हवा देने से नहीं चूकती! क्योंकि फिलहाल हमारे देश में जाति और धर्म की राजनीति हीं सत्ता तक ले जाने का सबसे सुगम मार्ग दिखता है और हम हिन्दू समाज के लोग मूर्ख बन अपने में विभेद उत्पन्न कर उनका शिकार बनते हैं! ऐसे में एक बार फिर भारत के ब्राह्मणों को राष्ट्र और हिंदूत्व की रक्षा हेतु आगे आना चाहिए और अपने समाज में व्याप्त जो भ्रांतियां है उस पर चोट करनी चाहिए! इसी में सभी देशवासियों का कल्याण है!

एक नंबर के बात कहले बानी ए सर! हमरा हिन्दू समाज के एकजुटता में हीं देश के कल्याण बा! आ एकरा खातिर जईसे भी हो, ब्राह्मणन के पुरा समाज के जगावे के बिड़ा उठावे के चाहिं! काहें से कि वैदिक काल से हीं इ जाति हिंदू समाज खातिर आपन सबकुछ बलिदान कईले आवता! भले दोसर विधर्मी हमनी के बुरिबक बनवलसी बाकि अबो से चेतबी जा त ठीके रही! आच्छा अब चललु जाव, हमरा साहुजी किहां भोज खाये जाये के बा! --- कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.......!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक ( समाजशास्त्री)**

# योग का वैश्विक विस्तारीकरण,

## वैदिक युग से आधुनिक युग तक

भारतीय वैदिक योग विद्या ने अंतराष्ट्रीय स्वरूप ले लिया है, योग अब न सिर्फ भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है। भारतीय योग गुरुओं के वर्तमान में लाखों विदेशी शिष्य भी बन चुके हैं।योग एक आत्म केंद्रित शारीरिक क्रिया तथा प्रक्रिया है। इसके लिए किसी विशेषज्ञ की आवश्यकता भी नहीं होती ना किसी महंगी सहायक सामग्री की भी। इसीलिए योग एक रोग निवारक उपाय के रूप में धीरे धीरे व्यापक जन समर्थन प्राप्त करता जा रहा है।

योग प्रक्रिया में किसी अनावश्यक धन खर्च की आवश्यकता भी नहीं है और इसमें किसी विशेषज्ञ अथवा स्पेशलिस्ट व्यक्ति को भारी धन खर्च कर उस से ज्ञान लेने की आवश्यकता भी नहीं है। इसीलिए योग रोग निवारक उपाय की तरह ग्रामीण तथा शहरी भारत आदिवासियों महिलाओं के साथ युवाओं, विद्यार्थियों ,गर्भवती माताओं, किशोरियों आदि में नित नई बीमारियों के उन्मूलन में अत्यधिक उपयोगी साबित भी होता जा रहा है।

योग से न सिर्फ शरीर एवं मानसिक शक्ति में वृद्धि होती है बल्कि इससे आर्थिक लाभ प्राप्त होने लगे हैं ।योग से अर्थव्यवस्था सुधारने की क्षमता भी बढ़ती आंकी गई है। योग से अर्थव्यवस्था को सुधारने में अग्रणी भूमिका निभाने में बहु उपयोगी है। योग गुरुओं के रूप में नए रोजगार का अवसर ग्रामीण टूरिज्म, योग टूरिज्म, विदेशी मुद्रा की प्राप्ति व्यक्ति की उत्पादन क्षमता में बढ़ना और योग सामग्री का नया बाजार विकसित धीरे-धीरे होने लगा है। योग के प्रचार प्रसार होने तथा इसके लाभों को जन जन तक पहुंचाने के परिणाम स्वरुप आम लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ने लगी है ।फल स्वरूप स्कूल कालेजों तथा अन्य कॉरपोरेट सेक्टर के संस्थानों में योग शिक्षकों की मांग बढ़ने की संभावना बलवती हो गई है। बाबा रामदेव, अयंगर स्वामी, सतगुरु स्वामी ,विक्रम योगी जैसे गुरुओं की तरह अन्य योग के गुरुओं की मांग बेरोजगारी को कम करने में सहायक होगी तथा युवाओं को रोजगार का सतत एवं स्थापित रोजगार प्राप्त होगा। योग के प्रचार प्रसार बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन अर्थ लाभ की प्रक्रिया शुरू होना शुरू होगी तथा ग्रामीण पर्यटन के इजाफे के साथ साथ अन्य क्षेत्र में समग्र रूप से रोजगार बढ़ने की संभावना दिखाई देने लगी है। योग के अवसर शहर के प्रदूषण से दूर ग्रामीण क्षेत्रों की प्राकृतिक छटा के मध्य योग केंद्र स्थापित होने के साथ-साथ यह धन लाभ की योजनाओं को भी सृजित करते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के कूटनीतिक तथा राजनयिक प्रयत्न के फल स्वरुप संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इसे वैश्विक मान्यता प्रदान करने के लिए 21 जून को प्रतिवर्ष वैश्विक योग दिवस मनाने की महत्वपूर्ण शुरूआत की गई। यह अत्यंत महत्वपूर्ण बात है कि भारत के इस संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बनाने हेतु प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र संघ में सबसे शीघ्रता से प्रस्ताव स्वीकृत किया गया और विश्व के सभी देशों पर का पक्षों ने जिस पर आम सहमति दर्शाई थी। योग वैश्विक स्तर पर चर्चित एवं प्रसिद्ध होने से पश्चिम से लेकर पूरब तक योग की महत्ता पर लोगों ने इसे अपने जीवन का अंग बना कर इसे वरीयता प्रदान करना शुरू कर दिया है। अब हर वर्ष 21 जून को न सिर्फ भारत में बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अन्य देशों में भी वैश्विक योग दिवस के रूप में योग प्रक्रिया तथा प्रक्रिया का प्रदर्शन तथा योग क्रिया की जाने लगी है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के पश्चात योग द्वारा बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति भी होने लगी है तथा इससे फॉरेन एक्सचेंज भी मजबूत होने लगा जिसके फलस्वरूप योग्य के प्रति पश्चिम के लोगों में बढ़ते आकर्षण ने ही बाबा रामदेव देव जैसे योग गुरु को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है। और यही कारण है कि बड़ी संख्या में विदेशी यात्री भी योग सीखने भारत आते हैं तथा भारत की पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने लगे हैं। इससे हमारे देश का विदेशी मुद्रा का संचयन धीरे धीरे बढ़ने लगा है। योग के प्रसिद्ध होने के साथ-साथ इसके अनेक केंद्र भारत तथा विदेशों में खुलने से भारत सरकार को विदेशी मुद्रा से भारी आर्थिक लाभ होना भी सुनिश्चित होने लगा है। अतः योग सिर्फ रोग निवारक ना होकर मानसिक, शारीरिक क्षमता को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था की स्थिति को सुधारने में सहायक हो गए हैं। इसके साथ ही योग प्रक्रिया के प्रचार प्रसार से योग से संबंधित समस्त सामग्रियों की मांग बढ़ने के साथ-साथ अनेक रोजगार के अवसर में वृद्धि हुई है।

योग वर्तमान में ही नहीं ऐतिहासिक रूप से भी वेदों में भी योग तथा शारीरिक क्रियाओं का विस्तृत वर्णन है ।अतः हमें शारीरिक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था में भी सुधार लाने की आवश्यकता होगी। देश में लगभग सभी स्कूलों कॉलेजों में अब योग शिक्षकों की तथा योग कक्षाओं की अनिवार्यता की जाने वाली है। जिससे देश की आने वाली पीढ़ी तथा देश के आने वाले नागरिक भी स्वस्थ मानसिक एवं शारीरिक क्षमता के साथ अपने रोजगार अवसरों में अपना 100% योगदान प्रदान करेंगे, जिससे भारत में उत्पादक क्षमता में बढ़ने की आशा की जा सकती है। योग से शारीरिक क्षमता बढ़ने के साथ-साथ कार्यकुशलता भी विशेषज्ञता के साथ वृद्धि करती रहती है। योग के लिए केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों को बहुआयामी तथा पंचवर्षीय योजनाओं के साथ कार्य योजना तैयार कर किसके कौशल विकास को बढ़ावा देकर तथा कृषि विकास, उद्योग विकास का लघु एवं मध्यम उद्योग की स्थापना के साथ योग को ग्रामीण क्षेत्रों में वैकल्पिक रोजगार सृजित करने की आवश्यकता होगी। योग की प्रक्रिया तथा इसकी योगिक क्रियाओं से ग्रामीण भारत में बीमारी, कुपोषण, गरीबी पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, अल्प विकास जैसी बुराइयों से बाहर निकलना खुलकर योग को प्रचारित प्रसारित करते हुए आय के साधन का बड़ा स्त्रोत बनाने की परम आवश्यकता है। दूसरी तरफ केवल सरकारी प्रयासों से ही यह संभव न होकर आम जनता और आम नागरिकों को भी इसमें अथक मेहनत करनी होगी। योग को प्रसारित करने के लिए बड़ी संख्या में रोजगार मूलक प्रशिक्षकों की बड़ी संख्या तैयार करनी पड़ेगी तथा योग को शारीरिक विकास विभाग के लाभ से जोड़कर इसका स्वरूप गैर धार्मिक बनाना होगा यह से इसमें संबंधित विवाद रहित कर समाज के सभी वर्ग मैं यह प्रचारित प्रसारित कर समाज की अर्थव्यवस्था के लिए सार्थक लाभ की तरह बहु उपयोगी हो सके तब ही इसकी संपूर्ण सार्थकता होगी। योग की प्राचीन काल से ही ऐतिहासिक तौर पर सशक्त एवं मजबूत विकसित परंपरा रही है अतः योग के इस महत्व और परंपरा को चिकित्सा अर्थव्यवस्था विदेशी मुद्रा की प्राप्ति में अधिकाधिक लाभ उठाने का साधन बनाना होगा।



**संजीव ठाकुर, संकलनकर्ता, चिंतक, लेखक ,रायपुर छत्तीसगढ़**

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# शिक्षक का दायित्व कक्षा एवं विद्यालय परिसर तक ही सीमित नहीं है - फादर पी विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण**

### समीक्षा एवं कार्य योजना बैठक



सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर, जौनपुर के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने सत्र 2022-23 की समीक्षा एवं सत्र 2023-24 की कार्य योजना के लिए बैठक आहूत की।बैठक की शुरूआत प्रार्थना गीत से हुई जिसे दीप्ति कश्यप एवं सहयोगी अध्यापिकाओं ने गाया।रुखसार फातिमा ने पवित्र कुरान से रंजना पांडेय ने पवित्र गीता एवं सिस्टर जेनिथा ने पवित्र बाइबिल से पाठ किया।युद्धरत देशों में शांति के लिए पूर्णिमा पाठक ने शांति पाठ किया। पिछली बैठक में हुई घटनाओं की जानकारी तबस्सुम हसन ने मिनट्स टू मिनट्स वाचन करके बताया।सिस्टर सावरी ने वाराणसी धर्म के धर्माध्यक्ष बिशप फादर यूजीन जोसफ के द्वारा प्रेषित विद्यालय के उद्देश्यों को पढ़ा।इसके बाद विद्यालयों के समिति-प्रभारियों ने अपनी-अपनी समितियों की आख्या प्रस्तुत की।अरविंद कुमार मिश्र ने अनुश-ासन समिति की,चंचल सिंह ने प्रार्थना सभा समिति की,सिस्टर सेबेस्टिना ने सूचना-पट्ट समिति की,कनीज पँजातन ने मुख्य-सूचना-पट्ट समिति की,सौरभ सिन्हा ने स्कूल न्यूज बुलेटिन समिति की,नुरूस सबा ने समसामयिकी समिति,परवेज अहमद ने प्रतियोगी परीक्षा समिति की,शिक्षणेत्तर क्रिया कलाप समिति की आख्या आर आर प्रसाद ने प्रस्तुत किया।इसके अतिरिक्त आरिफा बुसरा ने सर्टिफिकेट एंड मेडल कमेटी की, दीप्ती कश्यप ने समारोह एवं उत्सव समिति की,समीना फारूकी ने मंच सज्जा समिति की,अंशू सोनी ने जलपान समिति की,सिस्टर जेनिथा ने प्राथमिक उपचार समिति की,सिस्टर सावरी ने प्रार्थना समिति की,गिरीश कुमार गुप्ता ने पॉक्सो समिति की,माया राय ने स्कूल फेस कमेटी की,संगीता सिंह ने सामाजिक कार्य समिति की,प्रेमशंकर यादव ने चाइल्ड प्रोटेक्शन कमेटी की एवं रामजी तिवारी ने मीडिया समिति की आख्या प्रस्तुत किया।सत्र 2022-23 की आख्या का मूल्यांकन करने के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने सत्र 2023-24 हेतु कार्य योजनाओं पर विचार विमर्श किया।फादर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज का निमार्ता है और उसका दायित्व कक्षा एवं विद्यालय परिसर तक ही सीमित नहीं होना चाहिए।शिक्षक की प्राथमिकता समाज के मार्गदर्शन की होती है न कि अर्थ प्राप्ति की।कमजोर एवं अनुशासनहीन विद्यार्थियों के प्रति शिक्षक की भूमिका और भी गुरुतर हो जाती है।उनका विद्यालय से निष्कासन समस्या का हल नहीं है।ऐसे विद्यार्थी यदि विद्यालय से निष्कासित किए जाते हैं तो समाज के लिए बहुत ही घातक स्थिति बन जाती है। इसके लिए फादर ने तीन विद्यार्थियों हिटलर,मुसोलिनी एवं स्टॅलिन का उ-दाहरण दिया जो अपनी अनुशासनहीनता के कारण विद्यालय से निष्कासित हुए और तानाशाह बनकर समाज के लिए घातक बने।ऐसे विद्यार्थियों की देखरेख की जिम्मेदारी अध्यापक की ही है ताकि वे स्वयं एवं समाज के लिए घातक न बन सकें।

# पूर्व विधायक स्व0 कृष्णा नन्द राय के अग्रज रामनारायण राय का निधन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण**



गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद बिधायक स्व0 कृष्णा नन्द राय के अग्रज राम नारायण राय का बुधवार को निधन हो गया। परिजनों ने बताया की उनकी तबीयत बुधवार को दोपहर में अचानक खराब हो गई।उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।देर शाम उनकी हालत में सुधार नहीं होने पर उनकी गंभीर स्थिति को देख कर चिकित्सकों ने उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया। वाराणसी जाते समय रास्ते में ही उनका निधन हो गया। रामनारायण राय के निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी।काफी संख्या में लोगों ने उनके वाराणसी एवं गोंडउर स्थित आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट किया।उनकी शव यात्रा में शामिल होने के लिए लोग वाराणसी पहुंचे।वहां उनका अंतिम संस्कार गुरूवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर सम्पन्न किया गया। रामनारायण राय अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र मनोज राय के द्वारा दी गयी है। अंतिम संस्कार के पश्चात पूरा परिवार गोंडउर आ गया है। गुरुवार की रात्रि से ही शोक संवेदना प्रकट करने वाले लोगों का गोंडउर पहुंचने का क्रम जारी है।

## ऊर्जा मंत्री के साथ चली 4 घंटे की बैठक बेनतीजा, आज फिर होगी वार्ता, 22 यूनियन नेताओं पर FIR

लखनऊ. यूपी में बिजली कर्मचारी संघष समिति की सांकेतिक हड़ताल रविवार को भी जारी है. शनिवार को यूनियन नेताओं और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के साथ चल 4 घंटे की बैठक बेनतीजा रही. जिसके बाद यूनियन नेताओं ने कहा कि मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी. इस बीच रविवार को एक बार फिर ऊर्जा मंत्री और यूनियन नेताओं के बीच वार्ता होगी.
उधर वार्ता के बीच सरकार का सख्त रूप भी जारी है. लखनऊ के हजरतगंज में 22 यूनियन ने ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. सभी के खिलाफ एस्मा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है. अब किसी भी वक्त इन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है. वहीं अभी

# जनप्रतिनिधि ऐसा चुने जो आपके साथ खड़े हो सके-चंचल

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण



गाजीपुर जनपद के देवकली ब्लाक के माऊपारा ग्राम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण विषय पर संगोष्ठी देवकली मंडल शक्ति केन्द्र के तत्वाधान में आयोजित किया गया। गोष्ठी में एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में सत्तारुण भाजपा के शासनकाल में जिले का बहुमुखी विकास हो रहा है। जिसमें मेडिकल कालेज,फोरलेन सहित गांवों में सड़कों का निर्माण,रेलवे स्टेशन सहित अन्य विकास कार्य तेजी से हो रहा है। उन्होने कहा कि विधायक व सासंद ऐसा चुने की जो आप लोगो के दुख दर्द में शामिल हो सके। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसमें बिना भेद भाव किये सभी जाति,धर्म,सम्प्रदाय का विकास कर रही है। जब तक समाज के दबे कुचले वर्गो का विकास नही होगा तब तक राष्ट्र समृदिशाली नही हो सकता है। गोष्ठी में नरेन्द्र कुमार मौर्य ,दीलीप गुप्ता,कमलेश पाण्डेय,अवधेश सिंह,प्रवीण त्रिपाठी,नौसाद अहमद,रामलोचन राम,कृपाशंकर कुशवाहा,सनाउल्लाह शन्ने,लड्डन अहमद,राजेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि उपेन्द्र लाल यादव व संचालन आंसू दूबे ने किया।अंत में कार्यक्रम के आयोजक शक्ति केन्द्र प्रमुख पवन वर्मा ने आये हुए लोगो के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्रशासन व फीडर के जनसेवकों की तत्परता से करीमुद्दीनपुर सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति बहाल

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**



गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर विद्युत उपकेंद्र से शुक्रवार को सुबह आपूर्ति ठप्प हो गयी।इसकी सूचना जब क्षेत्र के लोगों को मिली तो सिद्धार्थ के विद्युत ग्रुप के लगभग सैकड़ों की संख्या में लोग सब स्टेशन पर पहुंच गये। प्रभारी निरीक्षक बिश्वनाथ यादव अपने दल बल के साथ उपकेंद्र पर पहुंच गये। तहसीलदार बिजय प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंच गये थे। सिद्धार्थ की टीम के द्वारा खराब इन्वर्टर को ठीक कराया गया।थाना प्रभारी के द्वारा दो बैटरी की ब्यवस्था की गयी।पुलिस कर्मियों के द्वारा क्षेत्र के बिजली कर्मचारियों को तलाश कर ले आया गया।घंटों कड़ी मेहनत के बाद लगभग 15 घंटे के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी। लोगों ने इसके लिए प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव के प्रयास की सराहना की।
इस मौके पर
सिद्धार्थ राय , अभिषेक राय , आशीष राय , देवेंद्र सिंह , हिमांशु राय ,दिनेश राय गुड्डू , राजेश राय , श्यामराज तिवारी , कृष्णानंद राय , ओमप्रकाश कुश-ावाहा , संपूर्णनंद उपाध्याय , कुंदन कुशवाहा ,पंकज यादव , सोनू यादव , अनिल यादव , शिवम राय , रूपेश राय , रतन पांडे , सुबास कुशवाहा , गुड्डू राय, सौरभ पाण्डेय , मालिक गुप्ता , अभिषेक गुप्ता , मोनू यादव , अभिषेक राय , धनजीत यादव, ज्ञान राय , सुमित राय , प्रत्युष राय , वीरेंद्र राय , अमन राय , पियूष कुशवाहा , अतुल राय , मनिंदर सिंह
सहित सिद्धार्थ राय के ग्रुप के सैकड़ों लोग,सुनील राय, उमेशचंद्र राय, राजकुमार पाण्डेय, रणजीत राय,रमेश चंद्र राय, मनीष वर्मा,समेत करीमुद्दीनपुर,जोगा,के लोग उपस्थित रहे।

# शुभ योगों में प्रारंभ हो रही है चैत्र नवरात्रि-आचार्य पंडित अभिषेक तिवारी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

सनातन धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व होता है, चैत्र माह और शारदीय नवरात्रि को प्रमुख माना जाता है।चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होता है।

**इस वर्ष चैत्र नवरात्रि बुधवार 22 मार्च 2023 से प्रारंभ हो रहे हैं।**

जिसका समापन 30 मार्च गुरुवार में होगा। इस वर्ष मां दुर्गा जी का आगमन नौका पर होगा। शास्त्रों में मां के इस रूप को भक्तों की समस्त इच्छाएं पूर्ण करने वाला माना जाता है। खास बात ये है कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन।कई शुभ योग बन रहे हैं। इस समय में घटस्थापना आपके लिए बहुत ही लाभदायक और उन्नतिकारक सिद्ध होगा

चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा तिथि से ही नया हिंदू वर्ष प्रारंभ हो जाता है, चैत्र नवरात्रि में अबकी बार पूरे नौ दिनों की नवरात्रि होगी,

नवरात्रि के दौरान तीन सर्वार्थ सिद्धि योग 23 मार्च, 27 मार्च, 30 मार्च को लगेगा।

जबकि अमृत सिद्धि योग 27 और 30 मार्च को लगेगा। रवि योग 24 मार्च, 26 मार्च और 29 मार्च को लगेगा और नवरत्रि के अंतिम दिन रामनवमी के दिन गुरु पुष्य योग भी रहेगा।

चैत्र नवरात्र का आरंभ अबकी बार बुधवार को हो रहा है।इसी दिन से हिंदू नववर्ष भी आरंभ भी हो जाएगा।

चैत्र नवरात्रि 22 मार्च से शुरू होने जा रही है। इसी दिन से अनल तदुपरांत नल नामक संवत भी शुरू होगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर माता का वाहन नाव होगा जो इस बात का संकेत है इस वर्ष खूब वर्षा होगी।

आश्विन और चैत्र मास की नवरात्रि सबसे ज्यादा प्रचलित है। कहा जाता है कि सतयुग में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध और प्रचलित चैत्र नवरात्रि थी, इसी दिन से युग का आरंभ भी माना जाता है। इसलिए संवत का आरंभ चैत्र नवरात्रि से ही होता है
नवरात्र व्रत

देवीभागवत पुराण के तृतीय स्कन्ध 26वे अध्याय में शरत्काल तथा बसन्त ऋतू में नवरात्र व्रत क्यों करते हैं इसको समझाते हुए व्यास जी कहते हैं
श्रृणु राजन्प्रवक्ष्यामि नवरात्रव्रतं शुभम् ।
शरत्काले विशेषेण कर्तव्यं विधिपूर्वकम् ॥ ३ ॥
वसन्ते च प्रकर्तव्यं तथैव प्रेमपूर्वकम् ।
द्वावृतू यमदंष्ट्राख्यौ नूनं सर्वजनेषु वै ॥ ४ ॥



शरद्वसन्तनामानौ दुर्गमौ प्राणिनामिह ।
तस्माद्यत▪नादिदं कार्यं सर्वत्र शुभमिच्छता ॥ ५ ॥
द्वावेव सुमहाघोरावृतू रोगकरौ नृणाम् ।
वसन्तशरदावेव सर्वनाशकरावुभौ ॥ ६ ॥
तस्मात्तत्र प्रकर्तव्यं चण्डिकापूजनं बुधैः ।
चैत्राश्विने शुभे मासे भक्तिपूर्वं नराधिप ॥ ७ ॥

जिसका सरल भाषा में अर्थ है शरद ऋतु तथा बसन्त ऋतु प्राणियों लिए यमदंष्ट्रा कही गयी हैं और प्राणियों के लिए दुर्गम हैं। ये दोनों ऋतुएं बड़ी भयानक हैं और मनुष्यों के लिए रोग उत्पन्न करने वाली हैं और सबका विनाश भी कर सकती हैं। अतः आत्मकल्याण के इच्छुक व्यक्ति को बड़े यत्न के साथ नवरात्र व्रत करना चाहिए। चैत्र तथा आश्विन मास में भक्तिपूर्वक चण्डिका देवी का पूजन करना चाहिए।

**27वे अध्याय में नवरात्र व्रत की महिमा बताई गयी है**

**व्रतानि यानि चान्यानि दानानि विविधानि च ।
नवरात्रव्रतस्यास्य नैव तुल्यानि भूतले ॥
धनधान्यप्रदं नित्यं सुखसन्तानवृद्धिदम् ।
आयुरारोग्यदं चैव स्वर्गदं मोक्षदं तथा ॥
इस पृथ्वीलोक में जितने भी प्रकार के व्रत एवं दान हैं, वे इस नवरात्र व्रत के तुल्य नहीं हैं क्योंकि यह व्रत सदा धन-धान्य प्रदान करने वाला, सुख तथा संतान की वृद्धि करने वाला, आयु तथा आरोग्य प्रदान करने वाला और स्वर्ग तथा मोक्ष देने वाला है।**

विद्यार्थी वा धनार्थी वा पुत्रार्थी वा भवेन्नरः ।
तेनेदं विधिवत्कार्यं व्रतं सौभाग्यदं शिवम् ॥
विद्यार्थी सर्वविद्यां वै प्राप्नोति व्रतसाधनात ।
राजभ्रष्टो नृपो राज्यं समवाप्नोति सर्वदा ॥
अतएव विद्या, धन अथवा पुत्र इनमें से मनुष्य किसी की भी कामना करता हो, उसे इस सौभाग्यदायक तथा कल्याणकारी व्रत का विधिपूर्वक अनुष्ठान करना चाहिए। इस व्रत का अनुष्ठान करने से विद्या चाहने वाला मनुष्य समस्त विद्या प्राप्त कर लेता है और अपने राज्य से वंचित राजा फिर से अपना राज्य प्राप्त कर लेता है।

**महापातकसंयुक्तो नवरात्रव्रतं चरेत ।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो नात्र कार्या विचारणा ॥**
यदि कोई महापापी भी नवरात्रव्रत कर ले तो वह समस्त पापों से मुक्ति पा लेता है इसमें लेशमात्र भी विचार नहीं करना चाहिए।

**राज्यभ्रष्टेन रामेण सीताविरहितेन च ।
किष्किन्धायां व्रतं चैतत्कृतं दुःखातुरेण वै ॥
प्रतप्तेनापि रामेण सीताविरहवह्निना ।
विधिवत्पूजिता देवी नवरात्रव्रतेन वै ॥**
राज्य से च्युत तथा सीता के वियोग से अत्यन्त दुःखित श्रीराम ने किष्किन्धापर्वत पर इस व्रत को किया था सीता की विरह अग्नि से अत्यधिक संतप्त श्रीराम ने उस समय नवरात्र व्रत के विधान से भगवती जगदम्बा की भलीभाँति पूजा की थी।

**विष्णुना चरितं पूर्वं महादेवेन ब्रह्मणा ।
तथा मघवता चीर्णं स्वर्गमध्यस्थितेन वै ॥
पूर्वकाल में भगवान विष्णु, शिव, ब्रह्मा तथा स्वर्ग-लोक में विराजमान इंद्र ने भी इसका अनुष्ठान किया था।**

**विश्वामित्रेण काकुत्स्थ कृतमेतन्न संशयः ।
भृगुणाऽथ वसिष्ठेन कश्यपेन तथैव च ॥
विश्वामित्र, भृगु, वशिष्ठ और कश्यप भी इस व्रत को कर चुके हैं इसमें संशय नहीं है।**

देवीभागवत पुराण में आया है ह्लपूजाभिश्चैव होमैश्च कुमारिपूजनैस्तथा । सम्पूर्णं तद्▪ व्रतं प्रोक्तं विप्राणां चैव भोजनैःह्व अर्थात पूजन, हवं, कुमारी-पूजन तथा ब्राह्मण भोजन संपन्न करने से नवरात्र व्रत पूरा हो जाता है।

**अगर कोई पूरे नवरात्र व्रत न कर सके तो**
उपवासे ह्यशक्तानां नवरात्रव्रते पुनः ।
उपोषणत्रयं प्रोक्तं यथोक्तफलदं नृप ॥
सप्तम्यां च तथाऽष्टम्यां नवम्यां भक्तिभावतः ।
त्रिरात्रकरणात्सर्वं फलं भवति पूजनात ॥
पूरे नवरात्र उपवास करने में असमर्थ लोगों के लिए तीन दिन का उपवास भी यथोक्त फल प्रदान करने वाला बताया गया है। भक्तिभाव से केवल सप्तमी, अष्टमी और नवमी इन तीन रात्रियों में देवी की पूजा करने से सभी फल सुलभ हो जाते हैं।
ऋषियों ने सम्पूर्ण नवरात्रव्रत के पालन में असमर्थ लोगों के लिए सप्तरात्र, पंचरात्र, त्रिरात्र, युग्मरात्र और एकरात्र व्रत का विधान भी बनाया है.
प्रतिपदा से सप्तमीपर्यन्त उपवास रखने से सप्तरात्र-व्रत का अनुष्ठान होता है. इस व्रत को करने वाले अष्टमी के दिन माता को हलवा और चने का भोग लगाकर कुंवारी कन्याओं को खिलाते हैं तथा अन्त में प्रसाद को ग्रहण करके व्रत का पारण करते हैं.
पंचरात्र-व्रत पंचमी को दिन में केवल एक बार, षष्ठी को केवल रात्रि में एक बार, सप्तमी को बिना मांगे जो कुछ मिल जाय अर्थात अयाचित भोजन करके, अष्टमी को पूरी तरह उपवास रखकर, नवमी में केवल एक बार भोजन करने से पूर्ण होता है.
सप्तमी, अष्टमी और नवमी को केवल एक बार फलाहार करने से त्रिरात्र व्रत होता है.
आरंभ और अंत के दिनों में मात्र एक बार आहार लेने से युग्मरात्र व्रत तथा नवरात्र के प्रारंभिक अथवा अंतिम दिन उपवास रखने सेएकरात्र-व्रत सम्पन्न होता है.

### नवरात्र व्रत न करने से होने वाले अपराध के विषय में व्यासजी कहते हैं

पूर्वजन्मनि यैनूर्नं न कृतं व्रतमुत्तमम् ।
ते व्याधिनो दरिद्राश्च भवन्ति पुत्रवर्जिताः ॥
वन्ध्या च या भवेन्नारी विधवा धनवर्जिता ।
अनुमा तत्र कर्तव्या नेयं कृतवती व्रतम् ॥
नवरात्रव्रतं प्रोक्तं न कृतं येन भूतले ।
स कथं विभवं प्राप्य मोदते च तथा दिवि ॥
नाराधिता येन शिवा सनातनी
दुःखार्तिहा सिद्धिकरी जगद्वरा ।
दुःखावृतः शत्रुयुतश्च भूतले
नूनं दरिद्रो भवतीह मानवः ॥
जिसका सरल भाषा में अर्थ है अगर किसी ने पूर्वजन्म में नवरात्र व्रत नहीं किया वह इस जन्म में रोगग्रस्त, दरिद्र, संतान रहित, विधवा है। न उसे इस लोक में वैभव मिला न स्वर्ग में आनंद। जिस मनुष्य ने दुःख तथा संताप का नाश करने वाली, सिद्धियां देने वाली, जगत में सर्वश्रेष्ठ, शाश्वत तथा कल्याण स्वरूपिणी भगवती की उपासना नहीं की, वह इस पृथ्वीतल पर सदा ही अनेक प्रकार के कष्टों से ग्रस्त, दरिद्र तथा शत्रुओं से पीड़ित रहता है।

### नवरात्र प्रदीप में नारद से कथन है

**यावज्जीवं नरः स्त्री वा नवरात्रं महाव्रतम् ।
कुरुते चण्डिकाप्रीत्यै भुक्तिं मुक्तिं च विन्दति ॥**

जीवनपर्यन्त नर या नारी यदि नवरात्र नामक महाव्रत को चण्डिका देवी की प्रसन्नता के लिये करें तो भोग और मोक्ष दोनों को प्राप्त करेंगे।

## एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने निर्माण कार्यो में कोताही न बरतने का दिया निर्देश

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में पी डब्लू डी के अधिकारियो संग बैठक कर गाजीपुर मे चल रहे विकास परियोजनाओ के संबंधित वातालार्प



किया। इस दौरान अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता ,सहायक अभियंता ,अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग के साथ बैठक कर पूर्व एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुए कार्यों की समीक्षा पर वातालार्प किया, उपरोक्त अधिकारियो को विकास एवं निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की कोताही न बरतने का निर्देश दिया। सभी अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिया कि शासन के मंशा स्वरूप कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाएं तथा सख्त हिदायत दिया कि शासन के किसी भी योजना क्रियान्वयन और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार कत्तई बर्दाश्त नही किया जाएगा।

# संदिग्ध अवस्था में वृद्ध की मौत

**बिकास राय यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बिरनो थाना क्षेत्र के माधोपुर मिश्रौली के पास एक कमरे में संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। घटना की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन की। वीरेंद्र मिश्रा कुछ दिन पहले ही मुम्बई से वापस आये थे।



बताया जाता है कि माधोपुर मिश्रौली गांव निवासी वीरेंद्र मिश्रा (61) बगल में अपने चचेरे भाई के घर खाना खाकर रात में अपने कमरे में सोने चले गये। सुबह जब गांव के लोगों ने देखा कि संदिग्ध अवस्था में मृत पड़ा है वहां खून भी बिखरा हुआ था। तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बिरनो थानाध्यक्ष पुलिस कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। उन्होने तत्काल इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी। जानकारी होते ही एसपी ओमवीर सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

# रैपिड़ एक्शन फोर्स स्थानीय पुलिस के साथ मड़ियाहूं नगर में किया रूट मार्च

***नगर भ्रमण का लक्ष्य क्षेत्रवासियों को सुरक्षा का भरोसा : ओम नारायण सिंह***

**चंदन गुप्ता संवाददाता समाज जागरण**

मड़ियाहूं, जौनपुर। मड़ियाहूं कस्बे में आज 18 मार्च दिन शनिवार को रैपिड एक्शन फोर्स के जवान क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह, एसएसआई संतोष कुमार शुक्ला एवं स्थानीय कोतवाली पुलिस बल के जवानों के साथ मड़ियाहूं नगर के गोला बाजार, सदरगंज, शिवाजी नगर, भदोही - जौनपुर मेन रोड, मछली शहर रोड ,बाईपास रोड, शिवपुर तिराहा, तथा अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में पैदल चक्रमड़ किया '
जवानों ने फ्लैग मार्च कर भौगोलिक स्थिति का अवलोकन करते हुए नगर के सभी निवासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने कहां की क्षेत्रवासी निर्भीक होकर जीवन यापन करें, पुलिस बल हमेशा जनता के साथ, जनता के सेवा व सहयोग के लिए तत्पर है। इस प्रकार जवानों ने पुलिस बल एवं आम जनता के बीच सामंजस्य बनाए रखने का संदेश दिए।



साथ ही आगामी चुनाव और रमजान के महीने व त्यौहार को देखते हुए शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स, के साथ क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह, एसएसआई संतोष कुमार शुक्ला, तथा तमाम पुलिस बल जवानों के साथ पूरे मड़ियाहूं नगर में भ्रमण कर रैपिड एक्शन फोर्स को मड़ियाहूं नगर क्षेत्र के भौगोलिक स्थित से परिचित कराया गया जिससे समय आने पर रैपिड फोर्स के जवान शीघ्र ही स्थित पर काबू पा सकें।
रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडर ने बताया की रैपिड एक्शन फोर्स का मुख्य कार्य दंगा जैसी स्थिति उत्पन्न होने की स्थिति में शीघ्र से शीघ्र मौके पर पहुंचकर परिस्थितियों को नियंत्रित करना एवं सामान्य स्थिति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने में स्थानीय प्रशासन को सहयोग करना है '

# जफराबाद रेलवे ओवरब्रिज के लिये बजट पास सांसद का प्रयास रंग लाया

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जफराबाद, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के जफराबाद रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनने के लिए 67 करोड़ का बजट सांसद मछलीशहर बीपी सरोज के प्रयास से स्वीकृत हो गया है। बता दें कि जफराबाद स्टेशन के 38 (ए) गेट संख्या सबसे बिजी मार्ग पर स्थित है। जफराबाद स्टेशन से पूरे 24 घण्टे में सौ से ज्यादा गाड़ियों का आवागमन होता है। इसके कारण यह गेट ज्यादा समय बन्द ही रहता है। लोगों को हमेशा इंतजार करना पड़ता है। इस गेट के बन्द रहने के कारण कई लोगों की उपचार के अभाव मे वर्षों पूर्व मौत भी हो चुकी है। लोगों की कई दशकों की मांग थी कि उक्त क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाया जाय। लोगों की मांग तथा आवश्यकता को देखते हुए सांसद बीपी सरोज ने 3 वर्षों में रेलमंत्री से पांच बार तथा मुख्यमंत्री से दो बार मुलाकात करके उक्त ओवरब्रिज के लिए धन स्वीकृत करवाया। ज्ञात हो उक्त ओवरब्रिज के बनने से जफराबाद बाईपास का महत्व बढ़ जाएगा। साथ ही गाजीपुर से आवागमन नजदीक तथा सुलभ हो जाएगा। साथ ही हजारों लोगों को फायदा पहुचेगा। इस बारे में पूछने पर सांसद ने बताया कि मैं लोगों की जरूरत तथा बेहद आवश्यक मांग को ध्यान में रखते हुए लगातार प्रयास करता रहा।आखिर में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उक्त ओवरब्रिज के लिए धन तथा मंजूरी स्वीकृत कर दिया। श्री सरोज ने बताया कि 15 मार्च को इसका पत्र जारी हो गया है। मई व जून तक काम टेंडर निकल जायेगा।



# मण्डलस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता बच्चे किये गये सम्मानित

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जफराबाद, जौनपुर। सिरकोनी विकास खण्ड क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय स्कूल के बच्चों को मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बीआरसी सिरकोनी में सम्मानित किया गया। मंडलस्तरीय क्रीड़ा में जूनियर वर्ग 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में पदक जीतने वाले कंपोजिट सेहमलपुर के कक्षा 8 का छात्र शिवम, गोला फेंक एवं चक्का फेंक में दो पदक जीतने वाले गोंडा खास के कक्षा 8 के छात्र पिंटू तथा बालिका वर्ग में 200 एवं 400 मीटर में पदक जीतने वाली कंपोजिट सेहमलपुर की छात्रा अंशिका एवं प्राथमिक वर्ग के लंबी कूद में पदक जीतने वाले प्राथमिक विद्यालय सुरूहूरपुर के कक्षा 6 के छात्र अजय कुमार को सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कन्हैया लाल ने छात्र छात्राओं को ट्रैक सूट एवं जूता–मोजा देकर सम्मानित किया। खेल में अप्रतिम योगदान के लिए ब्लॉक व्यायाम शिक्षक संजय सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका प्रियंका सिंह, कोच रईस खान, दिनेश यादव, दिलीप कुमार को अंगवस्त्रम और स्मृति देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संचालन दरोगा सिंह ने किया। इस अवसर पर राकेश पांडेय, अशोक राजभर, महेंद्र प्रताप सिंह, अमित सिंह, संजय सिंह, सुनील सिंह, निशा सिंह, उषा सिंह, सरिता सिंह, छाया सिंह, सुषमा पाठक, रामकृष्ण विश्वकर्मा, रामू गुप्ता, विजय पाल, केशव, मिथिलेश, उषा पाल, सुषमा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# नौ दिवसीय अनुष्ठान के आठवें दिन हुआ यज्ञ, भक्तों की जुटी भीड़

## 19 मार्च को भण्डारे के साथ सम्पन्न होगा आयोजन

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित नौ दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ एवं राम कथा के आठवें दिन आचार्य रविंद्र द्विवेदी के संग सूरज घाट के महंत सहित कई विद्वान यज्ञाचार्य और पांडित्यकर्म व कर्मकांडी लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार से यज्ञ कराया। आम जनमानस सहित कई विभागीय अधिकारियों ने भी यज्ञ में भगवान को आहूति दिया। मुख्य यज्ञाचार्य श्री द्विवेदी ने कहा कि कलयुग के इस धरती पर साक्षात इष्ट के रूप में श्री अंजनी कुमार, संकट मोचन हनुमान जी ऐसे हैं जो सबका कल्याण करते हैं तो हम सभी सनातनियों का परम सौभाग्य है कि अपने जौनपुर नगर के बीआरपी कालेज के प्रांगण में नौ दिवसीय 21 कुण्डी महायज्ञ कराया जा रहा है। 19 मार्च को अनुष्ठान का अंतिम दिन है जहां सभी लोग उपस्थित होकर महायज्ञ में आहुति दें और प्रसाद ग्रहण करें। व्यास गद्दी पर विराजमान राघव दास जी महाराज के संगीतमयी राम कथा से सुन भक्तगण भाव–विभोर हो गये। बताते चलें कि 19 मार्च को महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ भंडारा का आयोजन होगा। विधू नारायण शुक्ला एवं यज्ञाचार्य रविंद्र द्विवेदी ने नगरवासियों से उक्त अवसर पर पहुंचने की अपील किया है। आयोजक यज्ञाचार्य रविंद्र द्विवेदी, मुख्य पुजारी संजीव शुक्ला, राजीव तिवारी, राज दुबे, राम अभिलाष दुबे, ओम प्रकाश शुक्ला, सुभाष दुबे, अमित आलोक, सत्यम, अखिलेश मिश्र, बड़बडडानंद महाराज, श्याम जी उपाध्याय, विद्यासागर शुक्ल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



## तेज बाइक सवार युवक ने अध्यापक के बाइक में पीछे से मारी टक्कर बाइक चालक नाबालिग गंभीर रूप से घायल।

**विवेक राय, नरहीं/ समाज जागरण**

नरहीं।तेज बाइक सवार युवक ने अध्यापक के बाइक में पीछे से टक्कर मारी बाइक चालक नाबालिग गंभीर रूप से घायल। शनिवार को दोपहर में नरहीं बाजार में अजीत कुमार यादव कम्पोजिट विद्यालय बड़ौरा में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं विद्यालय में अपने घर लौट रहे थे कि बलिया शहर के बेदुआ निवासी अविनाश शर्मा 16 वर्ष पीछे उमेश 24 वर्ष को बैठाकर तेज गति से पीछे से बाइक में टक्कर मार दिया जिसमें तीन लोग घायल हो गए इस दुर्घटना में अविनाश शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि अध्यापक अजीत कुमार यादव को प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया।



# डीएम व एसपी ने सिविल लाइन एवं अन्य पावर हाउस का लिया जायजा

विशुनीपुर पावर हाउस के दो पर्यवेक्षको पर तुरन्त हुआ एफआईआर दर्ज

बलिया। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार व एसपी राजकरन नैय्यर ने शनिवार को सिविल लाइन पावर हाउस, आवासीय कालोनी बहादुर में ट्रांफार्मर, 33/11 केवी विधुत उपकेंद्र विशुनीपुर, 33/11 केवी हनुमानगंज एवं सुखपुरा का जायजा लिया। साथ ही डीएम ने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है कि विधुत आपूर्ति बाधित करने वाले सरकारी कर्मचारी या संविदा कर्मचारियों हो उसके खिलाफ तुरन्त कार्यवाही करने का निर्देश है। उन्होंने कहा कि सभी पावर हाउस के आस-पास पुलिस बल की तैनाती की जाय। उसके आस-पास कोई भी व्यक्ति दिखाई दिए तो उसको पकड़ कर तत्काल अनेक प्रकार की धारा लगाकर उसको जेल भेजने का निर्देश दिया। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। विशुनीपुर पावर हाउस पर तैनात कर्मचारी दुर्गेश सिंह ने बिजली अन्दर ग्राउंड फाल्ट की समस्या की विधिवत जानकारी दी। साथ ही उनको निर्देश दिया कि फाल्ट की समस्या को तत्काल ठीक कराकर बिजली चालू कराने को कहा। साथ ही वहाँ पर अनुपस्थित कर्मचारी पर्यवेक्षक सुजीत कुमार, संजय कुमार के खिलाफ तुरन्त एफआईआर दर्ज किया किया गया तथा अनुपस्थित सविदा कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा ताकि उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा सके।



डीएम ने एसडीएम सदर प्रशान्त कुमार को निर्देश दिए कि सिविल लाइन एवं आवासीय कालोनी बहादुरपुर में दो ट्रांसफर में फाल्ट की समस्या आयी है उसको ठीक कराकर तत्काल बिजली चालू कराने को कहा। जिलाधिकारी ने सभी विधुत उपकेन्द्रों का निरीक्षण कर वहा का तत्काल विधुत आपूर्ति चालू कराया गया।

## जनपदीयस्तरीय अभिनव पर्व (नवाचार एवं टी एल एम मेंला) में अंजली तोमर को मिला तीसरा स्थान

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पकवाईनार पर आयोजित जनपद स्तरीय नवाचार एवं टी एल एम मेंले का आयोजन किया गया इस मेले का उद्घाटन जिला बेसिक अधिकारी बलिया मनीराम सिंह ने किया उन्होंने ने कहा कि टी एल एम बनाना महत्वपूर्ण नही बल्कि महत्वपूर्ण ये है हम इसका कितना अधिक से अधिक प्रयोग करते हुए बच्चों के अधिगम स्तर को बढ़ाने का



कार्य करते है इस मेले जनपद के सभी ब्लॉकों से टी एल एम मेले में प्रतिभाग करने आये हुए शिक्षकों को शुभकामना देता हूं कि आप सभी लोग अपने नवाचार का प्रयोग करते हुए सफलता प्राप्त करें।इस मेले में लगभग दो सौ से अधिक अध्यापकों ने प्रतिभाग किया सभी शिक्षकों ने शिक्षा क्षेत्र के अनुसार अपना स्टाल लगाए थे उद्घाटन के उपरांत जिला बेसिक अधिकारी ने सभी स्टालों का निरीक्षण किया और उसके डायट द्वारा नामित निर्णायकों एक प्रतिभागियों के टी एल एम का बारीकियों से निरीक्षण करते हुए सभी की मार्किंग की गई और अंत मे सभी द्वारा प्रदान किये गए अंकों के आधार पर विजेताओं की घोषणा की गई जिसमें अंजल सिंह प स चक कटियारी रसड़ा को प्रथम ,निवेदिता उच्च प्राथमिक विद्यालय पिंडारा बेलहरी को द्वितीय तथा शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर की अंजली तोमर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ ,सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर डायट के सभी प्रवक्ता एवं अन्य लोग भी उपस्थित रहे ।


# गड़वार पुलिस ने चोरी के सामान के साथ तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**ब्रजेश दुबे, गड़वार/समाज जागरण**

गड़वार। एसपी बलिया के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गड़वार थाने को बड़ी सफलता मिली है। गड़वार थाने की पुलिस ने चोरी के विभिन्न मुकदमों में फरार चल रहे एक नामजद अभियुक्त समेत दो बदमाशों को 18 मार्च को गिरफ्तार कर लिया। चोरों के कब्जे से पुलिस ने चार लैपटॉप, एक मोबाइल, एक गैस सिलेंडर, एक चूल्हा और 50 किग्रा पीतल बरामद किया है। अभियुक्तों में बुढ़ऊं निवासी करन उर्फ मिठाई लाल, विकास और निखिल पासवान शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार गड़वार थाना क्षेत्र के कुरेजी स्थित एक मकान और सिहांचवर गांव में शराब की दुकान में बीते माह 19 व 20 जनवरी को अज्ञात बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर मामलों की छानबीन कर रही थी। इसी बीच 18 मार्च को प्रभारी निरीक्षक गड़वार राज कुमार सिंह फोर्स के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। इसी बीच मुखबीर से सूचना मिली कि पूर्व में ग्राम कुरेजी के एक मकान में हुई चोरी, सिहांचवर में शराब की दुकान में हुई चोरी व 16 मार्च को बूढ़ऊ में चोरी करने वाले तीन अभियुक्त बुढ़ऊ से रतसड़ की ओर जा रहे हैं। गड़वार पुलिस टीम ने जोगापुर नहर पुलिया के पास जांच के दौरान अभियुक्त करन उर्फ मिठाई लाल पुत्र स्व. बेचू डोम, उसके साथी विकास पुत्र रामप्रवेश डोम और निखिल पासवान पुत्र मनीष कुमार पासवान को हिरासत ले लिया। तीनों बुढ़ऊं के निवासी हैं। तलाशी के दौरान चोरी से संबंधित कुछ समान बरामद हुए। कड़ाई से पूछताछ में अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी हुए अन्य समान पुलिस ने बरामद कर लिया। इसके आधार पर तीनों आरोपितों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए कोर्ट में पेश किया जाएगा। बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली टीम में रामअनुराग शुक्ल, फूलचन्द्र यादव, रितेश पांडेय, दीपक चौरसिया, मनोज कुमार, चालक समरजीत यादव शामिल रहे।




# दिव्यांग जनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का किया गया वितरण



बलिया,(सू0वि0,ब0)। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साईकिल योजनान्तर्गत 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगताधारी दिव्यांगजनों को दिनांक 18.03.2023 को विकास खण्ड नवानगर के प्रांगण में मुख्य अतिथि श्री अरविन्द कुशवाहा मा० सांसद लोक सभा क्षेत्र सलेमपुर के कर कमलों द्वारा मोटराइज्ड ट्राई साईकिल का वितरण किया गया । मा० सांसद ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नही है। प्रत्येक दिव्यांग में कोई न कोई दिव्य प्रतिभा होती है, वर्तमान समाज मे जिस प्रकार सामान्य व्यक्ति तेजी से प्रगति कर रहा है, मोटराइज्ड ट्राई साईकिल प्राप्त कर उसी प्रकार दिव्यांगजन भी प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर होगे।

उक्त कार्यक्रम में मा० ब्लाक प्रमुख श्री केशव प्रसाद चौधरी पूर्व मा0 मंत्री श्री राजधारी सिंह जी, पूर्व मा० विधायक श्री भगवान पाठक, मा० सांसद प्रतिनिधि श्री सुनिल कुमार सिंह, श्री अशोक कुमार गौतम जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, श्री देवेन्द्र प्रताप वर्मा खण्ड विकास अधिकारी नवानगर, डा० सुशील कुमार तिवारी, समाजिक उत्थान समिति कोटवा नरायनपुर, सुमित्रा देवी सेवा शिक्षण संस्थान कोथ के कर्मचारीगण एवं जननायक चन्द्रशेखर चिकित्सालय की स्वास्थ टीम उपस्थित रही।

# दीवानी न्यायालय मे मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

बलिया(सू0वि0ब0)। दिनांक 18.03.2023 दिन शनिवार को सांयकाल 04:30 बजे अधिवक्ता परिषद काशाी प्रदेश बलिया इकाई द्वारा पूर्व सूचनानुसार अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस दिनांक 08.03.2023 के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन केन्द्रीय सभागार कक्ष दीवानी न्यायालय बलिया में किया गया । संगोष्ठी को संबोधित करते हुये विशिष्ट अतिथि अपर जनपद न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0) एक्ट श्रीमती मनीषा जी ने महिलाओं के विषय पर विस्तार से बोलते हुये कहा कि आज महिलायें जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति की ओर बढ़ रही है और ऐसा कोई क्षेत्र नही है जहां महिलायें अपनी भागीदारी सुनिश्चित नही कर रही है, लेकिन आज भी सामाजिक, पारिवारिक एवं आर्थिक रूप से कुछ महिलाये अपना प्रतिनिधित्व देने में सक्षम नही हो पा रही है और वह संकुचित एवं कुंठित होने के कारण अपना सपूर्ण विकास नही कर पा रही है। हम सभी को ऐसे परिस्थिति में सुधार करते हुये अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिये। विशिष्ट अतिथि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री शाम्भवी यादव जी ने अपने उद्बोधन में महिलाओं के साथ आ रही विभिन्न कठिनाईयों को दूर करने के लिए न्यायिक परिसर में अपने स्तर से सहयोग करने पर बल दिया। वही अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती तपस्या त्रिपाठी ने महिलाओं के मूलभूत आवश्यकताओं के विषय में सभी का ध्यान आकृष्ट कराया और उन आवश्यकताओं की पूर्ति में अपना सहयोग देने का विश्वास दिलाया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि माननीय जनपद न्यायाधीश श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान समय में आज समाज के हर क्षेत्र चाहे वह शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, परिवहन एवं न्याय से जुड़ा हो या सामाजिक, राजनैतिक, पारिवारिक गतिविधियों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी हो वहां हमारे समाज की महिलायें सतत प्रयत्नशील है और आज के इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद बलिया इंकाई को विशेष रूप से इकाई के अध्यक्ष/महामंत्री को धन्यवाद देना चाहता हुं कि उन्होने महिलाओं के विषय में इस संगोष्ठी का आयोजन अत्यन्त कम समय में करके अपनी सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया है। बलिया इकाई के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सिंह ने संगोष्ठी में आये हुये सभी मंचासीन अतिथिगण, समस्त न्यायिक अधिकारीगण, समस्त महिला अधिवक्तागण के साथ संगोष्ठी को सफल बनाने में सभी महिलाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुये अपने बलिया इंकाई के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, सदस्यगण के प्रति आभार व्यक्त करते हुये माननीय मुख्य अतिथि एवं सभी सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण से अपने महिला अधिवक्ता बहनो के साथ -साथ महिला कर्मचारियों के लिए एक स्वच्छ शौचालय, एक अलग से कामन रूम और न्यायिक परिसर में एक कुशल महिला चिकित्सक के लिए विनम्रतापूर्वक आग्रह किया जिस पर माननीय मुख्य अतिथि ने सहानुभूति विचार करते हुये पूर्ण करने का आश्वासन दिया। संगोष्ठी का संचालन युवा महिला अधिवक्ता परिषद सदस्य सुश्री पूजा गुप्ता ने किया। संगोष्ठी में संगीत के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार वर्ष 2019 उस्ताद विस्मिला खां युवा पुरस्कार से सम्मानित सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में लोर गायिका अनुभा राय को माननीय जनपद न्यायाधीश श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, अपर जनपद न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0) एक्ट श्रीमती मनीषा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री शाम्भवी यादव एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती तपस्या त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से अधिवक्ता परिषद बलिया इकाई की ओर से सम्मानित किया गया।



उक्त कार्यक्रम में अपर जनपद न्यायाधीश श्री दिनेश कुमार मिश्र, श्री हुसैन अहमद अंसारी, श्री महेश चन्द्र वर्मा, श्री गोविन्द मोहन, श्री ओमकार शुक्ला, श्री ओम प्रकाश, श्री नितिन कुमार ठाकुर, श्री अरूण कुमार, श्री विनोद कुमार, श्री नरेन्द्र पाल राणा, हरिश चन्द्र, सुरेन्द्र प्रसाद एवं समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ अधिवक्ता परिषद के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण में महामंत्री अजय कुमार राय, सह मंत्री विनोद भरदवाज, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह, पुजा गुप्ता, सुजाता शर्मा, पार्वती गुप्ता, दिक्षा सिंह, अंजना यादव, जिला मंत्री पिंकी तिवारी, विमल कुमार राय, डा0 राकेश सिंह, पियूष सिंह अन्य अधिवक्तागण एवं महिला कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अमर शहीद इन्टर कालेज के शताब्दी समारोह में परिवहन मंत्री ने पांच स्मार्ट क्लासेज की घोषणा

## *भगत सिंह के नाम पर शताब्दी हाल बनाये जाने की घोषणा*

**अभय सिंह बुलबुल, रसड़ा**

रसड़ा (बलिया) : अमर शहीद भगत सिंह इंटर कालेज रसड़ा के 100 वर्ष पूरे होने पर विद्यालय परिवार द्वारा दो दिवसीय शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। प्रथम दिन शनिवार को समारोह का शुभारंभ परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने विशिष्ट अतिथि दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बाल्मिकी त्रिपाठी व प्रधानाचार्य सुरेंद्रनाथ सिंह साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने विद्यालय के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि इस विद्यालय ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को ज्ञान शिक्षा मिला है समाज व राष्ट्र की सेवा में अमूल्य सेवा देकर एक स्थान स्थापित किया है। उन्होंने शताब्दी समारोह पर घोषणा किया कि यहां पांच स्मार्ट क्लासेज के साथ-साथ भगत सिंह के नाम पर शताब्दी समाभागर का निर्माण होगा। समारोह मे विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मनोहर नृत्यि विविधता में अनुपम झलक देखने को मिला। समारोह के मध्य दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बाल्मिकी त्रिपाठी, प्रधानाचार्य सुरेंद्र नाथ सिंह, प्रबंधक श्याम कुमार, उपप्रबंधक मुजतबा हुसैन ने मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथियों तथा विद्यालय के वर्तमान व भूतपूर्व शिक्षकों को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय के छात्र राहुल कुमार द्वारा बनाये गए विद्यालय के माडल को मुख्य अतिथि को भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। अध्यक्षता प्रबंधक श्याम कुमार व संचालन अर्जुन जायसवाल व श्याम शरण सिंह ने किया।




## दवा की दुकानों का निरीक्षण, सफाई के दिये निर्देश

बलिया। औषधि निरीक्षक सिधेश्वर शुक्ल ने शनिवार को लगभग आधा दर्जन दवा की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दवाओं की खरीद बिक्री के कागजातों को निरीक्षण किया। दुकानों पर सफाई बरखने के निर्देश दिये। डीआई श्री शुक्ल चिरैयामोड़ बैरिया में शिवम मेडिकल स्टोर, लालगंज बाजार में रज मेडिकल स्टोर व दीघार बाजार में आलम मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। दवाओं की खरीद बिक्री के कागजातों को देखकर स्टॉक रजिस्टर से मिलान किया। कई दवाओं के निर्माण व एक्सपायरी तिथि को देखा। उन्होंने सभी दवा के दुकानदारों पर सफाई के विशेष निर्देश दिये। निरीक्षण के समय वरिष्ठ लिपिक रविशंकर पाण्डेय भी थे।

## जे एन सी यू में गृह विज्ञान विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर कल्पलता पांडेय के संरक्षण और निदेशक शैक्षणिक डॉ पुष्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में गृह विज्ञान विभाग द्वारा एकल व्याख्यान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता बीएचयू के गृह विज्ञान विभाग की सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ०अर्चना चक्रवर्ती ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व , शिक्षा का समाज और देश के विकास में योगदान ,अच्छे शिक्षक बनने के गुण इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपने विद्यार्थियों में भेदभाव नहीं करना चाहिए। विद्यार्थियों को संतानवत स्नेह और मार्गदर्शन प्रदान करना चाहिए और इसके साथ-साथ अपने कर्म के प्रति ईमानदार होना चाहिए । कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ नीरज कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन गृह विज्ञान की सहायक आचार्या डॉ रंजना मल्ल ने किया । इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की सहायक आचार्या सौम्या तिवारी, डॉ संध्या एवं डॉ तृप्ति तिवारी के साथ-साथ डॉ मनोज कुमार, डॉ प्रवीण समेत विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# शीशम के कीमती पेड़ों पर माफियाओं की चल रही धुआंधार आरी, विभागीय अधिकारी बेखबर

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़-थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव मुरलीवाला से लड्डूवाला रामगंगा नदी के तटबंध के समीप की दिनों से दिन रात शीशम आदि के कीमती वृक्षों का लकड़ी माफियाओं द्वारा कटान जारी है। ग्रामिणों द्वारा की गई शिकायत पर भी पुलिस व विभागीय अधिकारी मौन है। जिसके चलते प्रर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। सूचना के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र के गांव मुरलीवाला व लड्डूवाला रामगंगा नदी के तटबंध के आसपास शीशम के बेश कीमती हरे भरे पेड़ों का कई दिन से अवैध रूप से कटान एवं तस्करी की जा रही है जिससे पर्यावरण एवं जंगली जीव जंतुओं को भारी हानि हो सकती है तथा साथ ही ग्रामीणों का कहना है कि शीशम के कीमती पेड़



कटने से पर्यावरण को बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है।शीशम का पेड़ हमारे जीवन में बहुत उपयोगी हैं, जो प्रदूषण को समाप्त करने में भरपूर सहयोग करता हैं। ऐसे वृक्षों की मूल्यवान लकड़ी वन माफिया काटकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। वन विभागीय व राजस्व विभाग को जानकारी होने के बादभी कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसको लेकर ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर तथा सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायत कर उचित कार्यवाही कराने की मांग की उपस्थित ग्रामीणों में शिवसेना जिला प्रमुख संजय राणा .बलराम राठी .मदन राणा .बदन सिंह नैन .विनोद नयन.मनवीर यादव .आदर्श .लवली.अतर सिंह. वीरेंद्र कुमार. शिवम शर्मा. आदि उपस्थित लोग रहे

# गुलदार के हमले से एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना क्षेत्र के ग्राम काजी वाला में शौच करने गई महिला पर हमला बोल कर बनाया अपना निवाला आसपास के क्षेत्रो में दहशत का महौल प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम काजी वाला में हरि सिंह की पत्नी मिथलेश उम्र लगभग 45 वर्ष रोज की तरह सुबह पास के ही खेत में शौच के लिए गई हुई थी। काफी देर होने पर जब वह घर वापस नहीं लौटी उसके परिजनों ने उसकी तलाश की। तलाश करने पर उस के परिजनों ने पाया कि गुलदार मिथलेश को अपना निवाला बना रहा था उसके परिजनों ने शोर मचाया शोर सुनकर गुलदार वहां भाग निकला। घटना की जानकारी गांव वालों को लगी तो आस पास क्षेत्रों में सनसनी फैल गई। हरि सिंह की पत्नी मृतक मिथिलेश की मृत्यु से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। इस घटना की सूचना मिलते



ही उपजिलाधिकारी नगीना शैलेंद्र कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह व थाना प्रभारी रविंद्र वशिष्ठ वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे । जहां गांव वालों ने इन उच्चअधिकारियों से गुलदार को तत्काल पकड़ने के लिए गुहार लगाई उच्च अधिकारियों ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पिंजरा लगा दिया गया तथा मृतक मिथिलेश के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया । मृतक मिथलेश अपने पीछे तीन लड़के तथा एक लड़की चार बच्चों को रोते विलखते छोड़ गई । उधर ग्रामीणों ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुलदार को पकड़ने के लिए गुहार लगाई है।

# जिला पंचायती राज अधिकारी की अध्यक्षता मे मानव मल से सोना खाद बनाने के विषय पर एक दिवसीय जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर नीति आयोग के डेवलपमेंट पार्टनर आईटीसी लिमिटेड के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत आज बलरामपुर जनपद के डीपीआरसी भवन मे आईटीसी मिशन सुनहरा कल के तहत आईटीसी व ग्रामीण डेवेलपमेंट सर्विसेज के संयुक्त तत्वावधान में मानव मल द्वारा निर्मित सोना खाद विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यशाला में भागीदारी किए हुए पंचायत सचिव, ग्राम विकास अधिकारी व पंचायत सहायको को इस विषय पर प्रशिक्षित करना रहा!

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायती राज अधिकारी नीलेश प्रताप सिंह ने की और इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में लोगों को मानव मल द्वारा निर्मित सोना खाद के विषय में जागरूक किया साथ ही शौचालय निर्माण तथा इसके बेहतर प्रयोग के लिए भी लोगों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम समन्वयक ओपी राय ने प्रतिभागियों को सोना खाद के महत्व के बारे में बताया तथा लोगों को खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में भी समझाया वही संस्था के विषय



विशेषज्ञ रोहित त्रिपाठी द्वारा इस पूरी प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया गया!

पंचायत सहायको, सचिवों तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों ने उक्त प्रसिक्षणं के आधार पर अपने पंचायत इसे लागु करवाने, लोगो को जागरूक करने पर अपना समर्थन प्रस्तुत किया!

प्रतिभागियों ने सहमति जताई की वे गांव में लोगों को प्रेरित कर मानव मल द्वारा निर्मित सोना को बढ़ावा देने पर जोर देंगे! उन्होंने कहा कि वह अपने भी ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को इस विषय में जागरूक करेंगे तथा लोगों को ऐसा करने के लिए प्रेरित भी करेंगे जिससे उनके खेत की जैविकता बढ़ सके।

कार्यक्रम में 62 कर्मियों ने प्रतिभाग किया वही इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आसपास के गांव के ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत सहायक एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक ओपी राय एवं सहायक कार्यक्रम समन्वयक रोहित त्रिपाठी तथा अन्य हित धारक उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर युवक वर्षों से करता रहा शारीरिक शोषण

## पीड़ित युवती ने डीएम को शिकायती पत्र देकर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**


अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के थाना बाजार शुक्ल महोना पश्चिम गांव निवासिनी पीड़िता ने संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम को शिकायती पत्र देकर युवक पर शादी का झांसा देकर वर्षों से शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। सर्किल क्षेत्र के थाना बाजार शुक्ल महोना पश्चिम निवासिनी एक युवती ने संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी अमेठी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि पूरे जुड़ई मजरे महोना पश्चिम थाना बाजार शुक्ल निवासी मुकेश पुत्र राम सुंदर मौर्य द्वारा उसको शादी का झांसा देकर वर्षों से शारीरिक शोषण करता रहा जब शादी करने के लिए उससे कहा गया तो वह शादी करने से इनकार करते हुए मारपीट की जिसकी शिकायत पीड़ित युवती ने पुलिस से की आरोपी के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही न होने के कारण पीड़िता ने डीएम अमेठी से दोषी के विरुद्ध थाना बाजार शुक्ल मे प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत वृहद गो आश्रय स्थल नेवादा का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

क्षतिग्रस्त टीन शेड को बदलने/मरम्मत कराने के दिए निर्देश गोवंश को चारे के साथ निर्धारित मात्रा में पशु आहार खिलाने के दिए निर्देश।

अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज तहसील मुसाफिरखाना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत वृहद गो आश्रय स्थल नेवादा का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गो आश्रय स्थल पर टीन शेड की स्थिति जर्जर पाई गई जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित खंड विकास अधिकारी को टीन शेड को बदलने/मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने पशु आहार की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली एवं सभी गोवंशों को प्रतिदिन चारे के साथ 500 ग्राम पशु आहार खिलाने के निर्देश दिए साथ ही कमजोर गोवंशों पर विशेष ध्यान देकर उनकी स्वास्थ्य स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी को



बीमार गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने एवं कमजोर गोवंशों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थल पर मौजूद केयरटेकरों के भुगतान की स्थिति के संबंध में जानकारी ली जिस पर केयरटेकरों द्वारा बताया गया कि माह जनवरी तक का भुगतान हो गया है जिलाधिकारी ने केयरटेकरों के परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं से आच्छादित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थल पर भूसा व पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्राम प्रधान नेवादा को प्रतिदिन गौशाला का भ्रमण करने एवं गायों को भरपेट चारा खिलाने सहित गो आश्रय स्थल पर अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना सविता यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, खंड विकास अधिकारी मुसाफिरखाना अनीस अहमद, एडीओ पंचायत राकेश कुमार द्विवेदी संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजद रहे।

# सपा नेता व चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार मोहम्मद हाजी फैसल ने बाबा नन्हे मियां की दरगाह पर चादर चढ़ाई

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर।**

नजीबाबाद बाबा नन्हे मियां रहमतुल्ला अलेह का तीन दिवसीय सालाना उर्स में सपा नेता व चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार हाजी मोहम्मद फैसल ने चादर चढ़ाई* मुख्य अतिथि हाजी मोहम्मद फैसल ने कहा कि हमारे नगर में बीते कई दशकों से नन्हे मिया के मजार पर यह प्रोग्राम होता है।इन हस्तियों के साए से ही नजीबाबाद में भाई चारा रहा है।इस मौके पर हाजी फैसल ने चादर चढ़ाकर गुलपोशी की और मुल्क में अमनो अमान के लिए दुआ की।इस मौके पर मजार कमेटी की ओर से हाजी फैसल को फूल मालाओं से लाद कर भव्य स्वागत किया।इस मौके पर बेहतरीन कव्वालियां पेश की, और खूबसूरत सूफियाना कलाम पेश किए गए।कव्ववालो के कलाम सुनकर मौजूद लोग झूम ने पर मजबूर हो



गए। इस मौके पर अब्बास ठेकेदार,हाजी फुरकान अहमद,मोहम्मद फरमान ,मुन्नी मिया,हाजी कासिम,शाहिद अंसारी,नदीम अहमद,नबी हसन,नौशाद फरीदी,शराफत हुसैन,इदरीस अहमद,फईम खान,जीशान चौधरी

बाबा नन्हे मियां दरगाह कमेटी के सज्जादा नशी अजीम अख्तर, डॉक्टर मोहम्मद जुनैद अंसारी , मोहम्मद हसन अंसारी, चौधरी, शफात अहमद, मनु खलीफा, कामरान अंसारी, फरीद अहमद, अवैस अंसारी, सूफी सज्जाद साबरी, सूफी मोहम्मद असगर ,बाबा सईद अहमद आदि उपस्थित रहे।

# शासन,प्रशासन की मौजूदगी में कसमपुरगढ़ी ब्लॉक की तीन किसान सेवा सहकारी समितियों का चुनाव शान्ति पूर्वक हो संपन्न

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़**

चुनाव में बलजीत कौर सबसे ज्यादा वोटों से विजय ब्लाक अफजलगढ़ की तीनों किसान सेवा सहकारी समिती लिमिटेड के सभापति का चुनाव शांतीपूर्ण सम्पन सभी के परिणाम घोषित हो गए। कासमपुर गढ़ी किसान सेवा सहकारी समिति को 17 वार्डों में बाटा गया कुल मतदाता 2261 के लिए राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज पांच बूथ बनाए गए थे वार्ड अफजलगढ़ से नरेंद्र कुमार 148 वोट लाखन 77 वोट मिले,वार्ड अमाननगर से राजबाला 190 वोट मिल 95 वोटों किरन देवी को 95 वोट मिले,वार्ड आसफाबाद चमन से रीनू चोहान 375 वोट पड़े 186,सविता देवी को 189 मत पड़े,। वार्ड कसमपुरगढ़ी प्रथम से रजनीश 175 मत पड़े, नरेंद्र कुमार 143 मत पड़े रेहड़ प्रथम से बलजीत कौर को 218 वोट से विजय ,कादराबाद किसान सहकारी समिति में कुल मतदाता 1342* के लिए भूतपूर्व सैनिक आदर्श इंटर कॉलेज पांच बूथ बनाए गए। वार्ड कादराबाद से अमरपाल सिंह 137 वोट मिले 44 वोट से विजय हुये। दूसरे स्थान नरेंद्र 93 वोट मिले पाये। वार्ड जामुनवाला से प्रवीण 213 वोट मिले 137 से विजय, दूसरे स्थान पर जसपाल 76 वोट मिले वार्ड तुरतपुर से अनुज जोशी 82 वोट मिले 8 वोटों से विजय हुये। दूसरे स्थान परजीत कुमार 74 वोट मिले,वार्ड मीरापुर उत्तर से रंजीत कौर 193 वोट मिले 62 वोटों से विजय दूसरे स्थान पर जगदीश 131 वोट मिले, वार्ड मीरापुर दक्षिण से अजीत 62 वोट मिले 18 वोटों से विजय हुये दूसरे स्थान पर सिराजुद्दीन 44 वोट मिले शेरगढ़ सीमित में कुल मतदाता 1733 के लिए शेरगढ़ सीमित चुनाव किया गया आनंदीपुर पुष्पा देवी इन्टर कालेज में मतदान हुआ वार्ड आनंदीपुर से पुष्पा देवी 80 वोट मिले 66 वोट से विजय हुये दूसरे स्थान पर राकेश कुमार 127 वोट मिले, वार्ड सिरियावाली से प्रेम सिंह को 110 वोट मिले 59 वोटों से विजय हुये दूसरे स्थान जयपाल को 51 वोट मिले । कासमपुर गढ़ी किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड से सबसे



11 वोटों से विजय हुये। दुसरे स्थान पुष्पा देवी जागन 69 को मत पड़े, वार्ड जटपुरा से दयावती को 147 वोट मिले 54 वोटों से विजय दूसरे स्थान पर अनिता देवी 93 वोट मिले ,वार्ड जाफराबाद से रोहिताश को 80 वोट मिले 15 वोटों से विजय हुये दूसरे स्थान पर यशवीर 65 वोट मिले,वार्ड मकसूदाबाद से अजीत सिंह 106 वोट मिले 75 वोटों से विजय हुये दूसरे स्थान मनोज 31 वोट मिले, वार्ड मोहम्मद पुर राजौरी से पवनीश को 201 वोट मिले 95 वोट से विजय हुये। दूसरे स्थान पर घेपतरत को 106 वोट मिले, वार्ड शेरगढ़ से अशोक 193 वोट मिले अधिक वार्ड रेहड़ से बलजीत कौर 212मतो से विजय प्राप्त की दूसरे स्थान पर आसफाबाद चमन से रेनू चौहान 186 तथा तीसरे स्थान पर कादराबाद किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड जामुन वाला से परवीन कुमार ने 137 मतों से विजय श्री प्राप्त की तीनों समितियों में दस सभापति सदस्य निर्विरोध चुने गए किसान सेवा सहकारी समितियों का चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न करने के नायाब तहसीलदार गोपेश तिवारी सहित सीओओ सर्वम सिंह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सहित तीनों बूथ केन्द्रों में मौके पहुंचकर निरीक्षण किया

# आवारा पशुओं को संरक्षित करने के लिए गौशालाओं में शेड की नहीं होने देंगे कमी- बीडीओ

अमेठी, अमेठी जनपद की सीडीओ सान्या छावड़ा के निर्देश पर 17 से 26 मार्च तक हर ब्लॉक में किसानों की सबसे बड़ी समस्या बन चुके आवारा पशुओं को संरक्षित करने का वृहद् अभियान चल रहा है

भेटुआ तथा अमेठी विकास खंड में बीडीओ हरिश्चन्द्र सिंह की अगुवाई में लगातार दूसरे दिन भी टीमें आवारा पशुओं को एकत्रित कर गौशालाओं में संरक्षित करने के काम में जुटी रहीं इस दौरान अमेठी विकास खंड में जहाँ 33 आवारा पशुओं को संरक्षित किया गया वहीं भेटुआ विकास खंड में भी गठित टीमों ने 25 मवेशियों को गौशालाओं में संरक्षित करने में सफलता पाई

गौशालाओं में संरक्षित किये जा रहे आवारा पशुओं के लिए शेड की उपलब्धता के सवाल पर बीडीओ हरिश्चन्द्र ने बताया कि आवारा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित करने के लिए शेड की कमी नहीं होने दी जायेगी,किसानों की समस्या के प्रति शासन प्रशासन गंभीर है,जिन गौशालाओं में शेड स्थापित की जा सकती है वहाँ निर्माण शुरू कर दिया गया , भेटुआ के टिकरी और कोरारी लक्षनशाह की गौशालाओं में जहाँ अतिरिक्त शेड का निर्माण कराया जा रहा है वहीं हारीपुर,सुमेरपुर तथा सुलतानपुर में भी अतिरिक्त शेड का निर्माण प्रस्तावित है

शनिवार को अभियान अन्तर्गत अमेठी में पकड़े गए 33 आवारा मवेशियों में से जहाँ महमूदपुर गौशाला में 25, नुवांवा में छह तथा त्रिलोकपुर में दो पशु संरक्षित कराये गये वहीं भेटुआ में कुल पकड़े गए 25 पशुओं में दस को टिकरी,दस को हारीपुर व पांच को थौरा गौशाला भेजा गया

# 22 से 30 मार्च 2023 तक चैत्र नवरात्रि/श्रीरामनवमी के अवसर पर मां दुर्गा देवी मंदिरों/शक्तिपीठों पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश।

जनपद के चिन्हित 8 मां दुर्गा देवी मंदिरों/शक्तिपीठों पर आयोजित होंगे कार्यक्रम।

अमेठी में शासन के निर्देश के क्रम में 22 से 30 मार्च 2023 तक चैत्र नवरात्रि/श्रीराम नवमी के अवसर पर जनपद के मां दुर्गा देवी मंदिरों/शक्तिपीठों पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा। कार्यक्रम की लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि विधान के साथ पूजा की जाती है वैदिक तथा पुराणों में चैत्र नवरात्र को विशेष महत्व दिया गया है इससे आत्मशुद्धि तथा मुक्ति का आधार माना गया है चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और हमारे चारों ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है चैत्र नवरात्रि की शुभ तिथियों में सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं की इन कार्यक्रमों में विशेष रुप से सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जनपद के देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में उक्त संपूर्ण अवधि में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन, देवी जागरण के कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही आगामी तिथि 29 से 30 मार्च 2023 अष्टमी एवं श्री राम नवमी के अवसर पर प्रमुख शक्तिपीठ मंदिरों में मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जन सामान्य को इससे जोड़ते हुए अखंड रामायण पाठ का आयोजन कराया जाए, इस आयोजन के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय, तहसील स्तरीय एवं विकास खंड स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। जिसमें जनपद स्तरीय समिति में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अध्यक्ष, अपर पुलिस अधीक्षक सदस्य, जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद सदस्य/सचिव, जिला सूचना अधिकारी सदस्य तथा तहसील स्तरीय समिति में संबंधित उपजिलाधिकारी अध्यक्ष, संबंधित क्षेत्राधिकारी सदस्य, पूर्ति निरीक्षक सदस्य, अधिशासी अधिकारी सदस्य तथा विकास खंड स्तरीय समिति में संबंधित खंड विकास अधिकारी अध्यक्ष, संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी सदस्य, संबंधित मंदिर के पुजारी/प्रबंधक सदस्य, संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को सदस्य नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में तहसील तिलोई अंतर्गत अहोरवा भवानी व अष्टभुजा मंदिर, तहसील अमेठी अंतर्गत मां कालिकन धाम व देवी पाटन मंदिर, तहसील गौरीगंज अंतर्गत दुर्गन भवानी तथा मवाई धाम एवं तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत कामाख्या मंदिर एवं हिंगलाज मंदिर में कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाना है इसके लिए उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को उक्त चिन्हित मंदिरों पर साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, ध्वनि, प्रकाश एवं दरी बिछावन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम स्थलों पर मा. जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए।

# नशे में धूत प्राइवेट बस चालक ने पेयजल निगम की टंकी की दीवार पर मारपीट टक्कर

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़- नगीना काशीपुर मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बस के चालक ने नशे में धुत पेयजल निगम की टंकी की दीवार में मारी टक्कर ग्राम प्रधान ने भवानीपुर ने पुलिस को दी तहरीर। जानकारी के अनुसार नगीना से काशीपुर मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बसयू पी 20 ए टी 5755 विश्नोई ट्रेवल्स बस सर्विस के बस चालक ने शराब के नशे में धुत थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर उर्फ ज़िक्रीवाला में प्राइमरी स्कूल के समीप पेयजल टंकी की दीवार में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा ग्राम प्रधान श्रीमती फरीदा सुल्तान ने इस घटना की तहरीर पुलिस को दे दी है

# पुलिस द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना एसपी ग्रामीण बिजनौर श्री राम अर्ज व उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा थाना प्रभारी रविंदर कुमार वशिष्ट के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया यह फ्लैग मार्च मोहल्ला बारादरी नगीना से शुरू होकर मुख्य बाजार बड़े मंदिर लोहारी सराय गांधी मूर्ति चित्तौड़गढ़ चौकी जाकर संपन्न हुआ इस मौके पर



एसपी ग्रामीण श्री राम अर्ज उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह थाना प्रभारी रविंद्र वशिष्ठ उप निरीक्षक अशोक कुमार उप निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा उप निरीक्षक कुलदीप राणा आदि समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा ।

# एसडीएम की अध्यक्षता में लगा समाधान दिवस

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना। नगीना में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में आयोजित हुआ समाधान दिवस में कुल 13 शिकायतें आई जिसमें से किसी का भी मौके पर निस्तारण नहीं हुआ। उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि शासन की मंशा अनुसार समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत एवं प्रार्थना पत्रों का पूर्ण रूप से समाधान किया जाएगा एवं सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक तथा निर्धारित समय में ही किया जाएगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, तहसीलदार नगीना अवनीश कुमार, क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह नगीना एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# स्काउट गाइड का एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना। निकटवर्ती ग्राम रावलहेड़ी स्तिथ उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्काउट गाइड का एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया।इस स्काउट गाइड के कैम्प में छात्राओं व छात्रों को स्काउट गाइड प्रतिज्ञा, गांठें लगाना,ध्वज शिष्टाचार, सीटी संकेत,बीपी सिक्स,स्काउट गाइड नियम आदि की जानकारी दी गई।इस मौके पर छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की भी जानकारी दी गई।इस मौके पर राष्ट्रीय स्काउट वालेंटियर नगीना तहसील हसन जावेद,गाइड आयशा परवीन,फलक,अलसबा,कु शाफिया,आदि व मुख्य अध्यापक निशा रानी,परवेज आदिल,स्वाति वर्मा,सौरभ शुक्ला,माविया रशीद,हेमंत वर्मा आदि की मौजूदगी रही।व बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये शिक्षा दी गई।




# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का 6 दिवसीय कौशल एवं उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद श्रावस्ती उद्योग एवं उद्यान प्रोत्साहन निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत छह दिवसीय कौशल एवं उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजक मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वधान प्रशिक्षण स्थान राजा वीरेंद्र कांत सिंह महाविद्यालय भिनगा में किया गया प्रशिक्षण का समापन उपायुक्त उद्योग श्री विनोद कुमार चौधरी श्री अरुण प्रताप सिंह एवं मंडलीय खादी ग्राम उद्योग के प्राचार्य श्री छत्तर सिंह साहब के द्वारा किया गया किया गया इस दौरान प्रमाण पत्र वितरण किया गया सिंह सर ने ट्रेनर व सभी प्रतिभागियों से वातालाप किया इस छह दिवसीय प्रशिक्षण में विभिन्न ट्रेड थे जैसे हलवाई दर्जी लोहार बढ़ई समस्त प्रतिभागियों की संख्या 425 थी इन सभी 425 प्रतिभागियों को ट्रेनिंग का सुनहरा शुभ अवसर प्रदान हुआ इस दौरान सहयोगी गण राहुल वर्मा, रामकिशोर,रिया, सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम बाबू गिरी ,सुशील, शमीमा खान, अंजनी, संध्या मिश्रा मनीषा मिश्रा पवन कुमार अमित प्रशिक्षण कार्यक्रम समारोह में लोग उपस्थित रहे



# दो दिवसीय विशेष बैंकिग लोक अदालत में 206 वादो को निस्तारित कर 6370393 रुपए का सेटलमेंट किया गया।

ओंकार नाथ चौधरी, श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेशानुसार माननीय जनपद न्यायाधीश श्री गौरव कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती की अध्यक्षता में दिनाँक 17.03.2023 को 104 वाद निस्तारित कर 3934800 रुपए का सेटलमेंट किया गया एवं दिनांक 18 मार्च 2023 को जिसमें विशेष लोक अदालत में बैंक ऋण वसूली के 102 वाद निस्तारित कर 2435593 रुपए का सेटलमेंट किया गया , तथा दो दिवसीय विशेष लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राम चन्द्र यादव अपर जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि बैंकों के ज्यादा से ज्यादा नोटिस जारी किए गए हैं, विशेष लोक अदालत में बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बड़ौदा ग्रामीण बैंक, श्रीराम फाइनेंस, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, यूको बैंक के साथ अन्य सभी बैंकों ने प्रतिभाग किया है। विशेष लोक अदालत में नोडल ऑफिसर लोक अदालत श्री दिनेश सिंह एवं छऊट श्री जितेंद्र कुमार श्रीवास्त श्रावस्ती तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से बरिष्ठ लिपिक दया राम, रामेंद्र नाथ अस्थाना डाटा एंट्री ऑफिसर उपस्थित रहे

# कानपुर में नशे का इंजेक्शन देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करता रहा जिम ट्रेनर, रिपोर्ट दर्ज, तलाश शुरू

सुनील बाजपेई

कानपुर यहां सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हर हाल में किए जाने के दावे लगातार फेल नजर आ रहे हैं। ऐसा कोई दिन खाली नहीं जाता जब यहां की किसी न किसी लड़की के साथ बलात्कार और छेड़खानी जैसी कोई न कोई अमानवीय घटना ना होती हो

इसी क्रम में एक और लड़की को भी शिकार बना लिया गया । उसके साथ फजलगंज में जिम ट्रेनर पर नशे का इंजेक्शन देकर दुष्कर्म किया। शिकायत पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है

सुंदरी (नाम काल्पनिक ) नामक पीड़ित युवती ने बताया कि वर्ष 2021 में फजलगंज स्थित एचएच जिम में किदवईनगर जेके इनक्लेव निवासी ट्रेनर अर्जुन सिंह ने जिम में नशे का इंजेक्शन देकर उससे कई बार दुष्कर्म किया

लड़की के मुताबिक जिस समय उसके साथ यह घटना हुई ,उस समय वह नाबालिग थी।



पुलिस लड़की ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को यह भी बताया कि उनके साथ बलात्कार करने वाले अर्जुन सिंह ने उसे अपने घर में भी बंधक बनाकर रखा।

लड़की का आरोप है कि अर्जुन सिंह ने अश्लील वीडियो, फोटो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक शोषण किया और फिर इसके बाद बीती 25 फरवरी को मारपीटकर घर से भगा दिया।

यही नहीं इसके बाद भी उसने दोस्तों के साथ घर आकर भी उसे धमकाया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है। घटना के बाद आरोपी फरार बताया गया है। पुलिस लगातार तलाश भी कर रही है

# आकाशीय बिजली गिरने से कानपुर में महिला की मौत ,तीन गंभीर

सुनील बाजपेई

कानपुर, आज शनिवार को यहां जिले में प्रकृति ने अपना कहर बरपाया। उसने बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने के रूप में एक महिला की जान ले ली, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से झुलस गए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है

आज शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं महाराजपुर व नर्वल क्षेत्र में हुईं। यहां सुबह लगभग 10 बजे घने बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई। इस दौरान तेज हवा के साथ आकाशीय बिजली कड़क रही थी।

जानकारी के मुताबिक नर्वल के पूरनपुर में किसान अजय कुमार कुशवाहा की पत्नी निशा (45) बेटी किरन (19) के साथ खेतों में काम कर रही थी। तभी तेज आवाज के साथ खेत में आकाशीय बिजली गिर गई। मां बेटी चपेट में आ गईं। निशा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटी किरन गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों की मदद से किरन को सीएचसी सरसौल ले गई। प्राथमिक उपचार के बाद किरन को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।



इसी कारण की दूसरी घटना महाराजपुर के महुआगांव में हुई । यहां छेदीलाल की पत्नी रामदेवी (52) बेटे रवि (25) के साथ गांव के चंद्रभान सिंह के खेत में आलू बीनने गई थी। तभी मां - बेटे दोनों पर आकाशीय बिजली गिरी। दोनों को गंभीर हालत में सीएचसी सरसौल सीएचसी से हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इस बीच सरसौल के नरायनपुर स्थित प्राथमिक स्कूल के पास भी बिजली गिरने की सूचना मिली है। जिससे स्कूल में लगे सबमर्सिबल वायर व मोटर फुंकने की बात सामने आई है।

एसडीएम नर्वल गुलाब अग्रहरि ने बताया कि आकाशीय बिजली से एक महिला की मौत हुई है वहीं तीन लोग झुलसे हैं। फिलहाल अस्पताल में भर्ती इन 3 लोगों की हालत गंभीर बताई गई है ।

# चार्टर प्लेन क्रेश होने से दो पायलेट की मौत, किरनापुर भक्कूटोला के जंगल की घटना

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।( 19मार्च )किरनापुर थाना अंतर्गत ग्राम भक्कूटोला के जंगल में शनिवार दोपहर को एक चार्टर प्लेन क्रैश हो गया। विमान में एक पायलट और एक ट्रेनी पायलट सवार थे। दोनों की मौत हो गई। एक की बॉडी दो चट्टानों के बीच जलती हुई नजर आई। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर रवाना हो गई है।



हादसा लांजी और किरनापुर के बीच भक्कुटोला-कोसमारा की पहाड़ी पर हुआ। एटीसी गोंदिया के एजीएम कमलेश मेश्राम ने बताया कि घटना में ट्रेनी पायलट रुकशंका वरसुका और इंस्ट्रक्टर मोहित की मौत हो गई है।

पुलिस कप्तान समीर सौरभ ने बताया कि यह प्लेन ट्रेनी विमान था, जो महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के बिरसी एयरस्ट्रीप से उड़ा था।

घटना दोपहर करीब 3.20 बजे की है। ये विमान हादसे से करीब 15 मिनट पहले ही बिरसी हवाई पट्टी से उड़ा था। फिलहाल बचाव दल वहां पहुंच गया है। अभी हादसे की वजह पता नहीं चली है।

प्लेन में सवार दो पायलट में से एक की बॉडी दो चट्टानों के बीच जलती हुई नजर आई।

जहां प्लेन गिरा है, वहां दोनों ओर पहाड़

बालाघाट जिले में जहां प्लेन गिरा है, वहां दोनों ओर पहाड़ हैं। पहाड़ों के बीच में करीब 100 फीट गहरी खाई में प्लेन का मलबा मिला है। घना जंगल और पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण रेस्क्यू टीम और अफसरों को मौके पर पहुंचने में समस्या हो रही है।बता दें जिले में प्लेन दुर्घटना की यह दूसरी घटना हैं इसके पहले भी लाँजी थाना अंतर्गत जंगल में एक प्लेन दुर्घटना का शिकार हो चुका हैं जिसमे पायलेट समेत अन्य की मौत हो गई थी।

# पुलिस पर पथराव करने वाले 16 बलवाई गिरफ्तार, पुलिस ने आरोपियों का निकाला जुलूस

समाज जागरण/
शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।( 19मार्च )03 मार्च 2022 को कोसमी निवासी डाली दमाहे हत्या के बाद लोगों ने पुलिस पर पथराव किया था। इस मामले में करीब एक साल बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस पर पथराव करने वाले लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गत दिनों पुलिस ने चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया था। शनिवार को भी 12 और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकालकर उन्हें थाने ले गई।

डाली दमाहे हत्याकांड के बाद पुलिस कर्मियों पर पथराव एवं अराजकता का माहौल फैलाने वाले के खिलाफ पुलिस ने एक साल बाद कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। जहां पूर्व में नामजद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने उन्हें जेल भिजवा दिया था, वहीं 18 मार्च को 12 आरोपियों को और गिरफ्तार किया है। अन्य नामजद आरोपियों सहित सैकड़ो की संख्या में बलवा की घटना में संलिप्त आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज, वीडियोग्राफी एवं गवाहों के आधार पर पुलिस पहचान करने में जुटी है।

अतिक्रमण पर चलेगा बुलडोजर

पुलिस अब इनकी संपत्ति की जांच करने में लगी है, ताकि आरोपियों के अतिक्रमण पाए जाते है उस पर बुलडोजर भी चलाया जायेगा। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार पुलिस जल्द ही इस कार्यवाही को शुरू करने जा रही है। पुलिस की इस कार्यवाही से जहां अपराधियो में हड़कंप का माहौल है, वहीं आम लोगो में पुलिस सुरक्षा का विश्वास पैदा हो रहा है।

डाली पर चाकू से किया था हमला

महाकाल सेना और बब्बर सेना के संस्थापक तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिवंगत डाली दमाहे पर एक वर्ष पूर्व 3 मार्च 2022 को प्राणघातक हमला किया गया था। इसमें गोंगलई स्थित उनके निवास में पहुंचकर कुछ लोगों ने चाकू से वार कर घायल कर दिया था। जिसके बाद डाली दमाहे की गोंदिया में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जिससे आक्रोशित लोगों ने कोसमी क्षेत्र में तोडफोड़ और उपद्रव किया था।



एक वर्ष बाद इस प्रकरण में पुलिस ने पत्थरबाजों, उपद्रवी तत्वों और अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही शुरू कर दी है। पत्थरबाजी में तत्कालीन सीएसपी अपूर्व भलावी सहित लगभग 8 पुलिस कर्मियों पर भी पथराव किय गया था। जिसमें पुलिसकर्मियों को चोटें भी आई थी। जिसको लेकर पुलिस अब एक्शन मोड पर है। इसमें नामजद आरोपियों सहित अन्य पत्थरबाजी एवं उपद्रवी तत्वों पर बलवा की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इनकी हुई गिरफ़्तारी

पुलिस ने देवेन्द्र वैष्णव, शिवम दमाहे, राजा उर्फ मानसिह, रामू नगपुरे को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को पुलिस ने कोसमी निवासी 29 वर्षीय रवि उर्फ डोमा पिता आशा नगपुरे, 27 साल वर्षीय विशाल उर्फ विलास उर्फ चंकी पांडे पिता मारुति बम्बुरे, 27 वर्षीय शिवम उर्फ शिब्बू पिता मंगलप्रसाद विश्वकर्मा, 29 वर्षीय राजा उर्फ मोटु पिता स्व. दीपलाल उपवंशी, 38 वर्षीय नरेश उर्फ आजाद पिता फूलचंद नगपुरे, 30 वर्षीय विजय पिता स्व. चैनलाल लिल्हारे, 28 वर्षीय आशीष उर्फ घूंघरू पिता सदारू सिरसाज, 22 साल अभिषेक उर्फ लालु पिता फागूलाल केकडे, 29 वर्षीय सोहन उर्फ सोनु पिता धनीराम दशहरे, 26 वर्षीय दीपक पिता शिवराम दमाहे, 24 वर्षीय नवीन उर्फ दद्दु पिता मोहरहाल यादव और 46 वर्षीय महेश पिता सीताराम दमाहे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस पर पथराव मामले में ग्रामीण पुलिस अब तक वीडियो और चश्मदीदों की जानकारी के आधार पर 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# केंद्र सरकार अति पिछड़ा, पिछड़ा विरोधी है -अल्ताफ

दैंनिक समाज जागरण

छपरा (सारण) केन्द्र की मोदी सरकार अति पिछड़ा एवं पिछड़ा वर्ग छात्रों के साथ नाइंसाफी कर रही है, केंद्र सरकार द्वारा अति पिछड़ा एवं पिछड़ा मद की राशि को बंद कर दिए जाने से गरीब मेधावी छात्रों की परेशानी बढ़ गई है। उक्त बातें जिला जदयू के अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने शनिवार को स्थानीय नगरपालिका चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन के अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए कही। पुतला दहन कार्यक्रम जदयू के प्रदेश अध्यक्ष जदयू उमेश कुशवाहा के निर्देश पर आयोजित किया गया था। जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने पुतला दहन कार्यक्रम समाप्ती के पश्चात मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि 2015 के बाद केन्द्र सरकार की गलत निति के कारण अति पिछड़ा एवं पिछड़ा मद छात्रवृति योजना की राशि बंद कर दिया गया है। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि वर्ष 2011 से 15 तक ऐसा दौड़ था कि आर्थिक रुप से कमजोर अभिभावक भी छात्रवृति के सहारे अपने बच्चों को इंजीनियर बना देते थे। उस समय हर छात्र को पचास हजार से एक लाख तक कल्याण विभाग के माध्यम से छात्रवृति के रुप में मिल जाता था। पीएम मोदी और आमित साह का पुतला दहन करते हुए जदयू जिला अध्यक्ष अलताफ आलम राजू ने जमकर विरोध जताते हुए अति पिछड़ा एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रों के साथ नाइंसाफी बताया। उन्होंने केन्द्र सरकार को पुजिपतियों की सरकार बताते हुए इसे गरीब विरोधी सरकार करार दिया। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष अल्लाफ आलम राजू ने किया। इस अवसर पर बड़ी तादादद में जदयू के पदाधिकारी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिसमें जयप्रकाश यादव, सुरेश कुमार सिंह, सत्यप्रकाश यादव,राजेश त्यागी,चंद्रभूषण पंडित, डॉ0 इंद्रकान्त विश्वकर्मा,कुसुम देवी, मनोज पटेल रविंदर सिंह, ई0 प्रभास संकर, सकीला बानो, लालमुनी देवी, छठीलाल प्रसाद, रवि प्रकाश,दिलीप ठाकुर,गुड्डू खान,सम्भु मांझी,डॉ0 जयप्रकाश भारती,दिगंबर तिवारी,ईश्वर राम,सुनील कुशवाहा,सादाब आलम मुन्नू,जहागीर आलम मुन्ना, बर्जेश सिंह,वसीम खान,पवन वर्मा,संतोष शर्मा,भोलू शर्मा,सुनील शर्मा,सदाम हुसैन, अमजद अली,जाकिर अली अंसारी,इत्यादि सम्मलित थे।




# बेमौसम बारिश से पारा गिरा, आंधी तूफान के चलते बिजली आपूर्ति रही बाधित

समाज जागरण/शिवशंकर
पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट/बिरसा।( 19मार्च )शुक्रवार रात से ही तेज-आंधी तूफान के साथ बारिश हुई जिससे लोग घरो में दुबकने पर मजबूर हो गए आंधी तूफान के चलते बिरसा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी बाधित रही।क्षेत्र में देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर सुबह 11 बजे तक जारी रहा। इस बेमौसम बारिश के कारण मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ है। बारिश के कारण मौसम ठण्ड हो गया हैं ।तापमान में अचानक चार से पांच डिग्री की गिरावट आई है। वहीं, बात करें बारिश के कारण रबी की फसल को होने वाले नुकसान की तो कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि बेमौसम बारिश से रबी की गेहूं और चने की फसल को आंशिक नुकसान होगा। गेहूं की वह फसल जो खेतों में पककर तैयार है और जिसे किसान कुछ दिन में काटने वाले थे, वह आंधी-तूफान और बरसात के कारण ढुलक गई है। वहीं, चने की फसल को काटकर जिन किसानों ने अपने खेत अथवा मकानों की छत पर रखा था, वह बारिश में भीगे हैं, जिससे चने को नुकसान होगा।

बारिश होने से शनिवार को सुबह से तापमान में अच्छी खासी गिरावट आने से ठंड हावी रही। हालांकि, दोपहर बाद मौसम खुलने से सामान्य हो गया, लेकिन दोपहर 12 बजे तक अधिकतम तापमान 22 तथा न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि शुक्रवार तक अधिकतम तापमान 32 से 33 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव के कृषि वैज्ञानिक धर्मेंद्र अगाशे ने बताया कि मौसम विभाग भोपाल से प्राप्त पूवार्नुमान के अनुसार, जिले में रविवार को भी हल्की बारिश तथा हल्के बादल छाए रहने की संभावना है।

पिछले एक पखवाड़े से मौसम में आ रहे उतार-चढ़ाव का असर सेहत पर भी पड़ रहा है। फरवरी माह में जहां जिले में रिकार्डतोड़ गर्मी पड़ी थी तो मार्च महीने की शुरूरआत में तापमान में गिरावट आने से सेहत पर भी असर पड़ा था। अब बेमौसम बारिश लोगों को बीमार कर सकती हैं। चिकित्सकों के अनुसार, वर्तमान में जिला अस्पताल की ओपीडी में 250 से 300 मरीज आ रहे हैं, जो सामान्य दिनों की तुलना में दोगुने हैं। वर्तमान में अस्पताल में सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी जैसी मौसमी बीमारी से ग्रसित मरीज पहुंच रहे हैं।

# कन्या विवाह योजना के अंतर्गत किरनापुर में 248 जोड़ों का विवाह संपन्न

समाज जागरण/शिवशंकर
पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।( 19मार्च )मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना मध्यप्रदेश शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है। ऐसे परिवार जो गरीबी के कारण अपनी कन्या का विवाह करने में सक्षम नहीं होते हैं, उन कन्याओं के विवाह के लिए यह योजना बनाई गई है। इस योजना में जाति एवं धर्म का कोई बंधन नहीं रखा गया है। हर जाति धर्म के गरीब लोग इस योजना में अपनी कन्या का विवाह कराने के लिए पात्र है। इस योजना से गरीब परिवार के लिए कन्या का विवाह बोझ नहीं बनेगा, बल्कि मध्यप्रदेश सरकार ऐसे परिवार के लिए माता-पिता का फर्ज निभा रही है। यह बातें मध्यप्रदेश शासन के आयुष एवं जल संसाधन राज्य मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने किरनापुर में आयोजित 248 जोड़ों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित होकर वर-वधुओं एवं उनके परिजनों को संबोधित करते हुए कही।

आयुष मंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि गरीब परिवार की कन्या का विवाह करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना लागू की गई है। प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई है। अब लाड़ली बहना योजना भी प्रारंभ कर दी है।



किरनापुर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पूर्व विधायक रमेश भटेरे, जनपद पंचायत किरनापुर के अध्यक्ष कल्याण सिंह राणा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, किरनापुर एसडीएम निकिता सिंह मंडलोई, जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रुति ताराम, तहसीलदार सुश्री शोभना ठाकुर, अन्य विभागों के अधिकारी एवं आम जन उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशिर्वाद देने के साथ ही विवाह सहायता राशि के चेक प्रदान किये।

# शहर को अपराध मुक्त करने में अपना पूरा सहयोग करेंगी सामाजिक संस्थाएं-खोवाल

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने एडीजीपी श्रीकांत जाघव से की मुलाकात

शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने हिसार के नवनियुक्त एडीजीपी श्रीकांत जाघव को आश्वस्त किया है कि शहर को अपराध मुक्त करने में सभी संस्थाएं पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगी। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने एडीजीपी से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया और अपराध पर नकेल कसने के अभियान को ओर अधिक सशक्त करने के अपने सुझाव भी दिए।

गुरूकुल आर्यनगर के मंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने बताया कि एडीजीपी ने भी सामाजिक संगठनों के प्रयासों को सराहा और उन्हें विभिन्न टॉस्क देते हुए अपराधमुक्त हिसार में अपना पूरा योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस मुलाकात के दौरान शहर में नशाखोरी की रोकथाम, बेलगाम ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार, सामाजिक बुराइयों की रोकथाम सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि एडीजीपी श्रीकांत जाघव जिस मुहिम के साथ शहर को अपराध व सामाजिक बुराइयों से मुक्त करने का प्रयास कर रहे हैं, वह वास्तव में सराहनीय है और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से इस लक्ष्य को और अधिक मजबूती के साथ पाया जा सकता है।



बॉक्स- भिक्षावृति जैसी सामाजिक बुराइयों पर भी ध्यान देने की जरूरत

एडवोकेट खोवाल ने कहा कि शहर में हर चौक चौराहे पर भिक्षावृति चरम सीमा पर है। यहां पर अशक्त पुरूष, बच्चे व महिलाएं वाहन चालकों से भीख मांगते हैं। ऐसे में भारी भीड़ के कारण उनके साथ कोई दुर्घटना भी हो सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस दिशा में विशेष ध्यान देते हुए भिक्षावृति में संलिप्त लोगों का पुनर्वास किया जाए। उन्होंने कहा कि भीख नहीं किताब दो संस्था की संचालिका अनु चिनिया व उनकी टीम इस कार्य हेतु पहले से ही प्रयासरत है इस तरह के अभियानों में पुलिस को अहम भूमिका निभाने की जरूरत है। खोवाल ने कहा कि संस्थाएं पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर अपना सहयोग करेगी ताकि हिसार को अपराधमुक्त बनाया जा सके। इस मौके पर उनके साथ भीख नहीं किताब दो संस्था से अनु चिनिया, जयनारायण वर्मा स्मारक ट्रस्ट के प्रबंधक एवं पूर्व जेडएमईओ शैलेष वर्मा, श्वेता शर्मा एडवोकेट, धर्मपाल भांभू, हिमांशु आर्य खोवाल एडवोकेट, कोमल केसी एडवोकेट, अर्चना ठकराल, संजय वर्मा, अंकुर, सुरेश कुमार व रविना जांगड़ा सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पीएम सम्मान निधि की राशि लौटने के बाद भी बैंक खाते से राशि कटौती

दैनिक समाज जागरण

बनियापुर (सारण) पीएम सम्मान निधि की राशि लौटाने के बाद भी बैंक खाते से राशि कटौती की शिकायत एक किसान ने की है। जिला कृषि पदाधिकारी को आवेदन दे किसान व पिठौरी निवासी सरोज कुमार सिंह ने जांच की मांग की है। किसान ने बताया है कि वह पीएम सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहा था। आयकर भरने के कारण वह इस योजना के लिए अपात्र हो गया। जिसके बाद बीते मई माह में एक मुश्त 12 हजार रुपये कृषि निदेशक पटना को नेफ्ट कर वापस कर दिया। बावजूद इसके बीते नवम्बर माह में उसके बैंक खाते से दुबारा 12 हजार रुपये की कटौति कर ली गयी है। किसान राशि वापस पाने के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। इस दौरान जिला कृषि कार्यालय में तैनात एक कर्मी ने किसान के साथ दुर्व्यवहार भी किया है। किसान ने शिकायत की प्रति कृषि निदेशक पटना को भी प्रेषित किया है।

# जिला प्रशासन की निगरानी में जनपद की सहकारिता एवं अन्य समितियों में संचालकों का निर्वाचन सकुशल सम्पन्न।


समाज जागरण अभिषेक तिवारी
अमेठी

108 समितियों में 984 संचालक हुए निर्विरोध निर्वाचित, शेष 06 समितियों में 14 संचालक के पद पर हुआ मतदान। अमेठी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता हरेन्द्र सिंह ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम-1965 की धारा-29(3) एवं उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली-2014 के नियम-07 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोग द्वारा सहकारिता एवं अन्य विभागों में पंजीकृत सहकारी समितियों के निर्वाचन योग्य कुल 114 समितियों में 1026 संचालक के पदों पर 16 मार्च 2023 से निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि कुल 108 समितियों में 984 संचालक निर्विरोध निर्वाचित हुए, शेष 06 समितियों में 14 संचालक के पदों पर एक से अधिक उम्मीदवार होने के कारण 18 मार्च 2023 को मतदान हुआ। जिला प्रशासन की निगरानी में भारी पुलिस बल की उपस्थिति में 04 विकास खण्डों की 06 समितियों में मतदान शन्तिपूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि जनपद की सहकारिता एवं अन्य समितियों में संचालकगण का निर्वाचन सकुशल सम्पन्न होने के उपरान्त 19 मार्च 2023 को जनपद की कुल 114 समितियों में जो 13 विकास खण्डों में अवस्थित है, के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा अन्य समितियों/संस्थाओं में जिनकी समितियॉ सदस्य है, उनमें भेजे जाने वाली प्रतिनिधियों की निर्वाचन जिला प्रशासन की निगरानी में पुलिस बल की उपस्थिति में होगा। इस प्रकार उन्होंने यह स्पष्ट करते हुए बताया कि जनपद के कुल 09 सहकारी संघों के निर्वाचन की प्रक्रिया 22 मार्च 2023 से प्रारम्भ होकर 29 से 31 मार्च 2023 को पूर्ण हो जायेगी।

# दिलीप कुमार यादव बने जाप का जिलाध्यक्ष,समर्थको मे हर्ष

दैनिक समाज जागरण

बनियापुर (सारण) जन अधिकार पार्टी (लोक) के प्रदेश अध्यक्ष ने धवरी पंचायत के मुखिया पति सह पैक्स अध्यक्ष धवरी दिलीप कुमार यादव को सारण जिलाध्यक्ष मनोनीत किया।जिससे श्री यादव के समर्थको सहित जाप से जुड़े जिले भर के कार्यकर्ताओ मे खुशी की लहर है।वही उन्हे पार्टी सुप्रीमो पप्पू यादव की उपस्थिति मे उन्हे मनोनयन पत्र निर्गत किया गया है।



जिस मनोनयन पत्र मे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह कुशवाहा ने उम्मीद जाहिर किया है कि श्री यादव की समाजिक सक्रियता व पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते पार्टी का सारण जिलाध्यक्ष बनाया जाता है।जिससे सारण जिला मे जाप संगठन मजबूत होगा।और अपने मनोयोग एव संघर्ष से संगठन के दायित्वों का निर्वहन करते पार्टी के नीतियों सिद्धांतो के अनुरूप घोधित कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने मे अपना भरपुर योगदान देते पार्टी संगठन को चलाने मे अपना सहयोग समर्थन देकर धरातल से जुड़े कार्यकर्ताओ का संगठन तैयार करेंगे।श्री यादव के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर दर्जनों संगी साथियो ने खुशी व्यक्त किया है।

# बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

समाज जागरण अभिषेक तिवारी
अमेठी

आज पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा अपने अपने थानाक्षेत्र की बैकों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई । बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी । बैंक डियूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये ।



# आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न थानों द्वारा पीस कमेटी की मीटिंग का किया गया आयोजन

समाज जागरण अभिषेक तिवारी
अमेठी

पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी अमेठी द्वारा थाना संग्रमपुर पर, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री मयंक द्विवेदी द्वारा थाना गौरीगंज पर ,क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री अजय कुमार सिंह द्वारा थाना जायस पर अपने-अपने थानाक्षेत्र में सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10, डिजिटल वॉलेंटियर्स व ग्राम प्रहरी के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी । मीटिंग में आपस में प्रेम-सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने तथा अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक व पालन करने हेतु अपील की गयी ।




# पूछरी बजार बंदोबस्ती को लेकर हुआ विवाद

दैनिक समाज जागरण

बनियापुर (सारण) पिछले दिनों हुई पुछरी बाजार बंदोबस्ती का विवाद बाजार तक पहुंच गई। बाजार पर पहुंचने के वाद दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसमें एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसका इलाज बनियापुर रेफरल अस्पताल में कराई गई है। जिस घटना को लेकर पीड़ित नव लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिस दर्ज प्राथमिकी में पुछरी निवासी कुनल सिंह द्वारा बताया गया है कि वह पुछरी बाजार गया था। तब तक गांव के धुमन पांडे, गोलू उर्फ आयुश पांडे, मनिभूषण पांडे, पियूष पांडे, टुनटुन पांडे, मिंटू पांडे सहित नव लोगों ने पीड़ित को घेर कर गाली-गलौज करने लगे। तथा कारण पूछने पर लोहे के डर से मारपीट कर पीड़ित का सर फार दिए। घटना के बाद पीड़ित का इलाज रेफरल अस्पताल बनियापुर में कराई गई। जिसमें विवाद का कारण बाजार बंदोबस्ती बताई जा रही है। घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची ने किया निरीक्षण

*सरहुल पर्व के मद्देनजर सरना स्थलों का निरीक्षण*

*वरीय पदाधिकारियों द्वारा सरना स्थल पर व्यवस्था का लिया गया जायजा*

*सरना समितियों से बेहतर व्यवस्था को लेकर डीसी-एसएसपी ने की बातचीत*

*सरना स्थलों पर अव्वल दर्जे की व्यवस्था बनानी है – उपायुक्त*

**संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी,समाज जागरण, दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल,**

रांची (झारखंड) सरहुल पर्व के मद्देनजर आज दिनांक 18 मार्च 2023 को उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची श्री किशोर कौशल ने शहर के विभिन्न सरना स्थलों का निरीक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान आरक्षी अधीक्षक नगर श्री एस जैन, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था), रांची श्री आर एन आलोक, उप समहर्ता जिला नजारत, रांची एवं अन्य संबंधित पुलिस/प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

**सिरम टोली, सरना टोली एवं हातमा स्थित सरना स्थलों का निरीक्षण**

उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची श्री किशोर कौशल द्वारा सिरम टोली, सरना टोली एवं हातमा स्थित सरना स्थलों का निरीक्षण किया गया। यहां आला अधिकारियों द्वारा सरना समितियों से बेहतर व्यवस्था हेतु बातचीत भी की गयी।

**सरना स्थलों पर अव्वल दर्जे की व्यवस्था बनानी है - उपायुक्त**

उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि समिति द्वारा सरना स्थलों पर लाइट, सड़क समतलीकरण, जलापूर्ति, मोबाइल टॉयलेट आदि की बेहतर व्यवस्था को लेकर समितियों द्वारा राय दी गयी। उन्होंने कहा कि इस आलोक में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा सरना स्थलों पर मुकम्मल सुविधा के लिए खाका तैयार कर लिया गया है, सभी सरना स्थल पर व्यवस्था अव्वल दर्जे की बनानी है। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों एवं सरना समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर सरना स्थल पर आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।

**श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो इसका ख्याल रखा जायेगा - उपायुक्त**

उपायुक्त श्री राहुल कमार सिन्हा ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि सरहुल पर्व के दौरान सरना स्थल पर आने वाले लोग पूजा करने के बाद सुगम तरीके से अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो सके, ऐसी व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं को आने जाने में किसी तरह की परेशानी ना हो उसका ख्याल रखा जाएगा। नगर निगम द्वारा लोगों के लिए वाहन की व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा की आपसी समन्वय के साथ सरहुल पूजा के लिए सभी तैयारियां ससमय पूरी कर ली जाए।

**सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम**

बैठक के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची श्री किशोर कौशल ने कहा कि सरहुल पर्व के मद्देनजर जितने भी सरना समितियां हैं, उनके साथ बैठक की गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों को लगाया जायेगा, आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं, साथ ही ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया जाएगा ताकि असामाजिक तत्व किसी प्रकार का कोई फायदा नहीं उठा पायें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक किसी तरह से बाधित ना हो रूट को ध्यान में रखते हुए डायवर्ट किया जाएगा और इस संदर्भ में पूर्व में ही मीडिया में सूचना दी जाएगी। वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कौशल किशोर ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण न हो इसे लेकर लगातार आग्रह किया गया है। सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक की गई है एवं प्रशासन द्वारा उनसे अंडरटेकिंग भी ली गई है कि लाउडस्पीकर एक्ट का अनुपालन अवश्य किया जाए। कोई भी कानून का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस को लेकर 18 मार्च 23 मार्च स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड)18 मार्च 2023:- मोटर दुर्घटना क्लेम केस के निस्तारण को ले कोर्ट में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया है।उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी।उन्होंने बताया कि प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने इसके लिए चार पीठों का गठन किया गया है ।प्रथम पीठ में संतोष कुमार जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम एवं अधिवक्ता सुधा कुमारी मामले का निस्तारण करेंगे ।वही पीठ संख्या दो में विनोद कुमार सिंह जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दो एवं अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे मामले का निस्तारण करेंगे ।पीठ संख्या तीन में अभिमन्यु कुमार जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम एवं अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह मामले का निस्तारण करेंगे ।वही पीठ संख्या चार में अमरेश कुमार जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छह व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय मामले का निस्तारण करेंगे ।पीठ संख्या एक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्रथम अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश के न्यायालय का मामले का निस्तारण किया जाएगा ।वही पीठ संख्या दो में जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय के न्यायालय के मामले का निस्तारण किया जाएगा। पीठ संख्या तीन में जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम के कोर्ट में चल रहे मामले का निस्तारण किया जाएगा ।वही पीठ संख्या चार में अमरेश कुमार अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश छह के कोर्ट के मामले का निस्तारण किया जाएगा ।लोक अदालत की कार्यवाही 10:30 से आरंभ की गई है जो पूरे दिन चलेगी ।


# पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष मुकेश मित्तल ने संभाला पदभार, लिया शपथ

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ) : जमशेदपुर में साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मुकेश मित्तल ने पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया . पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने अपनी टीम की घोषणा की. समारोह के मुख्य अतिथि सह जिला मारवाड़ी सम्मेलन के मुख्य संरक्षक राधेश्याम अग्रवाल ने मुकेश मित्तल को शपथ दिलवायी. मौके पर मुख्य अतिथि राधेश्याम अग्रवाल ने सत्र 2023-25 के लिए नयी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी समाज की हर संस्था का चुनाव होना चाहिए. चुनाव में हार और जीत दोनों होती हैं, लेकिन चुनाव के समय जिस तरह गहमा गहमी रहती हैं, उसी तरह हारने के बाद भी हारने वालों को समाज हित में सहयोग करते रहना चाहिए. पहले से खीची हुई लकीर को मिटाने की नहीं, उससे बड़ी लकीर खींचने का प्रयास करना चाहिए. उन्होंने कहा कि हारने वाले उम्मीदवार को हार नहीं मनानी चाहिए, बल्कि चितन और मंथन के साथ आगे जीतने के लिए तैयारी करनी चाहिए.

**गुटों में बंटने की बजाय एकजूट होने की जरूरत**

निर्वातमान जिलाध्यक्ष अशोक मोदी ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए गुटों में बांटने की नहीं, एकजूट होने की जरूरत हैं. उन्होंने नयी कमिटी को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए आगे बताया कि उनके दो साल के कार्यकाल में उन्होंने समाज से जो वादा किया था, उसमें 80 प्रतिशत कार्य करने में सबके सहयोग से सफलता मिली. अन्य अतिथियों ने कहा कि समाज के लोग समाजोत्थान के कार्यों को मिल जुल कर ऐसा कार्य करे कि दूसरे समाजों के लिए हमारा मारवाड़ी समाज प्रेरणादायी बने.



**कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद**

इस दौरान मंच पर नवनिर्वातमन जिलाध्यक्ष अशोक मोदी, महामंत्री अरूण गुप्ता, प्रांतीय वरीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रिंगसिया, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष राजकुमार मुदरा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मल काबरा, रांची जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र अग्रवाल उपस्थित थे. इससे पहले मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर समारोह का उदघाटन किया गया. समारोह का सफल संचालन नयी कमिटी के महासचिव विवेक चौधरी ने किया. समारोह में हर क्षेत्र से आये 100 से अधिक लोगों के कारण समाज की एकजुटता देखने को मिली.

# मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस को लेकर 18 मार्च 23 मार्च स्पेशल लोक अदालत का आयोजन

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड)18 मार्च 2023:- मोटर दुर्घटना क्लेम केस के निस्तारण को ले कोर्ट में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया है।उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी।उन्होंने बताया कि प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने इसके लिए चार पीठों का गठन किया गया है ।प्रथम पीठ में संतोष कुमार जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम एवं अधिवक्ता सुधा कुमारी मामले का निस्तारण करेंगे ।वही पीठ संख्या दो में विनोद कुमार सिंह जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दो एवं अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे मामले का निस्तारण करेंगे ।पीठ संख्या तीन में अभिमन्यु कुमार जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम एवं अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह मामले का निस्तारण करेंगे ।वही पीठ संख्या चार में अमरेश कुमार जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश छह व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय मामले का निस्तारण करेंगे ।पीठ संख्या एक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्रथम अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश के न्यायालय का मामले का निस्तारण किया जाएगा ।वही पीठ संख्या दो में जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय के न्यायालय के मामले का निस्तारण किया जाएगा। पीठ संख्या तीन में जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम के कोर्ट में चल रहे मामले का निस्तारण किया जाएगा ।वही पीठ संख्या चार में अमरेश कुमार अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश छह के कोर्ट के मामले का निस्तारण किया जाएगा ।लोक अदालत की कार्यवाही 10:30 से आरंभ की गई है जो पूरे दिन चलेगी ।

# गढ़वा जिले के कांडी खुटहेरिया पंचायत मे खराब पड़े चापाकल को ठीक कराने की मांग।

***मुखिया अनीता देवी ने वीडियो को बंद पड़े ,खराब चपाकलो की ओर ध्यान आकृष्ट कराया,***

***बिगड़े पड़े चापाकल को समय से ठीक नहीं कराया गया तो पानी के उत्पन्न हो सकते संकट हैं ।***

**दैनिक समाज जागरण,गौरी शंकर मिश्र, वरीय संवादाता, पलामू प्रमंडल, झारखण्ड।**

पलामू (झारखण्ड) गढ़वा जिले के कांडी खुटहेरिया पंचायत की जुझारू मुखिया श्री मती अनीता देवी के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक आवेदन दे कर पंचायत में खराब पड़े चापा नलों को मरम्मत करने की मांग की गई, जिनकी संख्या लगभग 50 बताई गई है। जिनमें बेलोपाती में छः, खुटहेरिया में 20, गरदाहा में 3, गोसांग में 13 तथा कुशहा में 8.चापा नल बेकार पड़े हैं। मुखिया ने बताया कि गर्मी आने के पूर्व ही इस गांव के लोग जल संकट का सामना कर रहें हैं। इस बात को ले कर जनाक्रोश है। यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाया गया तो इसके परिणाम अच्छे नहीं होने की संभावना है। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से मौखिक रूप से भी बंद पड़े चापा नलों को ठीक कराने का आग्रह किया है।

# इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स वर्ष 2023 पर ग्लोबल कांफ्रेस आयोजित, लाइव प्रसारण जिला के सभी प्रखण्डों में दिखाया गया

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ), 8 मार्च 2023 : इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स वर्ष 2023 पर ग्लोबल कांफ्रेस आयोजित था। नई दिल्ली के इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर में पीएम नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति में इस कांफ्रेस का आयोजन हुआ जिसका लाइव प्रसारण जिला के सभी प्रखण्डों में कृषि विभाग एवं आत्मा के प्रसार कर्मी के सहयोग से कृषकों को दिखाया गया । इसमें बताया गया कि भारत सरकार के प्रस्ताव एवं प्रयासों के बाद संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है। कांफ्रेस में वक्ताओं ने कहा कि मिलेट्स सिर्फ खेती करने और खाने तक ही सीमित नहीं है। मिलेट्स अब लोगों के लिए रोजगार का जरिया बन रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रहा है। भारत विश्व में मिलेट्स उत्पादन में प्रथम स्थान रखता है। ग्लोबल कांफ्रेस के माध्यम से मिलेट्स को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने एवं हमारे यहाँ के किसानों को विश्व बाजार के हिसाब से अपनी तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित करने का यह एक अच्छा अवसर है। मिलेट्स की उपयोगिता,



उत्पादन एवं विपणन को आम जनमानस के बीच में बढ़ावा देने हेतु इस कार्यक्रम का प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण 200 से अधिक किसानों ने देखा। कृषि विभाग अन्तर्गत आत्मा संस्थान द्वारा मोटे अनाज (श्री अन्न) की खेती करने के लिए एवं इससे तैयार होने वाले मूल्य सवंर्धित सामग्री की जानकारी किसानों को विभिन्न कृषक गोष्ठी एवं बैठकों के माध्यम से दी जा रही है।

# टुना सबर को अस्पताल से दी गई छुट्टी, उपायुक्त ने जताई खुशी

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ),18 मार्च 2023 : जमशेदपुर डीसी द्वारा जिस टुना सबर को मरणासन्न हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था उसका सफलतापूर्वक इलाज करते हुए आज अस्पताल से छुट्टी दे दी गई. गौरतलब है कि भयावह रूप से चर्म रोग से पीड़ित डुमरिया प्रखंड के दंपाबेड़ा के रहने वाले टुना सबर का मामला सामने आने के बाद डीसी विजया जाधव ने तत्काल संज्ञान में लिया था. एक महीने से ज्यादा चले इलाज के बाद टुना सबर को आज घर भेजा गया, तो टुना के चेहरे की चमक नया जीवन मिलने की खुशियां बयां कर रही थी. चूकि टूना सबर को अस्पताल में भर्ती कराने के समय हीमोग्लोबिन निम्नतम स्तर पर था. किसी तरह सिर्फ सांस ले रहे, चलने-फिरने में असमर्थ टुना सबर की जान बच जाये इसको लेकर सभी की संवेदना थी. सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी कहते हैं कि टुना सबर की हालत ऐसी थी कि इतनी जल्दी ठीक होने का भरोसा भी किसी को नहीं था, हालांकि इलाज कर रहे चिकित्सकों की टीम ने पहले दिन से ही आश्वस्त किया था कि देर भले हो सकता है लेकिन टुना सबर को बिल्कुल स्वस्थ हालत में घर भेजेंगे. चिकित्सकों के विश्वास एवं जिलेवासियों की दुआ से टुना सबर अब पूरी तरह स्वस्थ हो गया और उसे आज घर भेज दिया गया.



**टुना को डीसी ने स्वस्थ व खुशहाल जीवन की शुभकामनायें दी**

मुख्यधारा से दूर रहने वाले सबर जनजाति के उत्थान के प्रति जिले की उपायुक्त शुरू से संवेदनशील रहीं हैं. टुना सबर को सदर अस्पताल में भर्ती कराने के बाद रात हो या दिन उन्होने खुद उसके स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग की. सदर अस्पताल जाकर टुना के स्वास्थ्य में प्रगति की जानकारी लेनी हो या चिकित्सकों से संपर्क में रहकर दिशा-निर्देश देना, उन्होने टुना सबर के हालात सामान्य होने तक 24X7 इसकी निगरानी की. अब जब टुना सबर को अस्पताल से छुट्टी मिली है तो उन्होने प्रसन्नता जाहिर करते हुए टुना के स्वस्थ व खुशहाल जीवन की शुभकामनायें दी हैं. साथ ही उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी के नेतृत्व में टुना का इलाज कर रहे चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की पूरी टीम को बधाई दी है.

# सिंहभूम चैंबर भवन बिस्टुपुर में निर्यात प्रोत्साहन पर कार्यशाला आयोजित , उद्यमियों को व्यवसाय शुरू करने एवं विदेश व्यापार नीति के दिये गये टिप्स

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री द्वारा फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाईजेशन के सहयोग से शुक्रवार को एक्सपोर्ट प्रोत्साहन पर एक कार्यशाला का आयोजन चैंबर भवन में किया गया. इस कार्यशाला में व्यवसायियों एवं उद्यमियों को फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाईजेशन के आये अधिकारी अर्नव चक्रवर्ती एवं अन्य एक्सपर्ट धीरज कुमार, टेक्नीकल एडवाईजर, शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार एवं एनएसआईसी के डीजीएम विजय शर्मा ने निर्यात व्यापार को शुरू करने, विदेश व्यापार नीति, डिजिटल मार्केटिंग की बुनियादी बातों के बारे में विस्तृत रूप में बताया. इस अवसर पर चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि चैंबर कोल्हान के औद्योगिक विकास हेतु सतत प्रयत्नशील है.

**इसे भी पढ़ें : जमशेदपुर : पुलिस जांच में बिष्टुपुर लूट का मामला निकला फर्जी, पुलिस कार्रवाई में जुटी**

**एक्सपोर्ट पॉलिसी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई**

आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए कोल्हान के व्यवसायियों एवं उद्यमियों की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें आगे लाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है. एक्सपोर्ट प्रमोशन के तहत आज का कार्यक्रम उसी का हिस्सा है. जिसमें



व्यवसायियों को एक्सपोर्ट पॉलिसी से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई. कार्यशाला के दौरान फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोटर्स के अधिकारी अर्नव चक्रवर्ती ने बताया कि कैसे व्यवसायी अपने निर्यात व्यवसाय को शुरू करें और इसके लिए इंडियन एक्सपोर्ट काउंसिल में आवेदन कैसे करें. विदेश व्यापार नीति और निर्यात लाभ की मूल बातों को विस्तृत रूप में बताया. ड्यूटी ड्रॉबैक और रोडटेप लाभ की भी जानकारी दी.

**इसे भी पढ़ें : चाईबासा : इनरव्हील क्लब ने आयोजित किया रंगारंग कार्यक्रम, महिलाओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति**

**व्यवसायियों को डिजिटल मार्केटिंग के बारे में दी गई जानकारी**

इसके अलावा आईटीसी एचएस कोड, निर्यात हेतु प्रपत्र और सर्टिफिकेट ऑफ ऑरिजिन की अनिवार्यता और आवश्यकता के बारे में भी जानकारी दी. तत्पश्चात व्यवसायियों को वर्तमान में व्यवसाय के लिए डिजिटल मार्केटिंग के बारे में भी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई. इस अवसर पर मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष नितेश धूत, सचिव अनिल मोदी, भरत मकानी, कोषाध्यक्ष किशोर गोलछा, पंकज गोलछा, निशांत अडेसरा, आनंद चौधरी, अनूप अग्रवाल, संजय गोयल, श्याम शर्मा, एसके. पांडेय, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, आकाश मोदी, विश्वनाथ अग्रवाल, रमनमीत सिंह जौली, प्रभुदयाल शर्मा, रेचन छावड़ा, अमित कुमार वर्मा, निक्की कुमारी, मोहम्मद जिशान, राज जयसवाल, वरूण जयसवाल, हर्षराज मूनका, लक्ष्मणचन्द्र नंदी के अलावा काफी संख्या में व्यवसायी एवं उद्यमी उपस्थित थे.

# तमाड़ बैंक ऑफ इंडिया राइडीह शाखा में आग लगने के 2महीने बाद भी कार्य पड़ा है ठप।

**राहुल कुमार साहू दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाताप्त तमाड़ रांची ।**


तमाड़ ब्लॉक रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया राइडीह शाखा में 26 जनवरी को अचानक आग लग जाने से कंप्यूटर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गए लेकिन आज डेढ़ महीना बीत जाने पर भी लोगों का काम ठप पड़ा हुआ है जिससे लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है बैंक वाले कहते हैं कि बुंडू शाखा में जाकर अपना काम करा लीजिए लेकिन लोगों को बुंडू आने जाने में अधिक खर्चा हो रहा है शाखा के आसपास 3 बैंक मित्र खुल गए हैं वही सारा रुपया का निकासी कर देते हैं यह बैंक मित्र को गांव के सुदूर पंचायतों में जाकर रुपया देना है लेकिन यहां पर आसपास ही अपना शाखा खोल लिए हैं जिससे गांव के लोगों को काफी दिक्कत हो रही है यॉहा के वीडियो एवं सीओ इसकी जांच नहीं करते हैं जिससे बैंक मित्र मालामाल हो रहे हैं और ग्रामीणों को बैंक में काम ना होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# धनबाद के ब्लड बैंको में खून की कमी को देखते हुए रक्तवीरों एवं रक्त-विरांगनाओं के उपस्थिति में विशाल ब्लड डोनेशन कैंप का 19 मार्च को होगा आयोजन।

***आमंत्रण स्वीकार कीजिए * आप रक्तदान महादान कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं–ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स, धनबाद(झारखण्ड)***

**राजेंद्र प्रसाद मिश्र ब्यूरो चीफ सह प्रभारी, दैनिक समाज जागरण, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल (झारखंड) / शीतल दत्ता,वरीय संवाददाता,दैनिक समाज जागरण धन्यवाद।**

धनबाद (झारखंड़) 18 मार्च 2023:- धनबाद के ब्लड बैंको में खून की कमी को देखते हुए ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हँड्स, धनबाद, झारखण्ड, भारत की ओर से आगामी दिनांक 19 मार्च 2023 दिन रविवार सुबह 8:00 बजे से हीरक रोड, मेमको मोड़ स्थित नेहरू बाल एकेडमी परिसर में आप सभी बुद्धिजीवी, समाजसेवी, रक्तवीरों एवं रक्त-विरांगनाओं के उपस्थिति में विशाल



ब्लड डोनेशन कैंप लगाने का आयोजन किया गया है।

ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हँड्स, धनबाद, झारखण्ड, भारत के संस्थापक सह केन्द्रिय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल ढ१ीॅील्ल३ ने श्रीमान / श्रीमती से आग्रह एवं निवेदन किया.है कि अपने बहुमुल्य समय से कुछ समय निकालकर रक्तदान महादान शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज कर अपने रक्त का एक अंश दानकर " रक्तदान-महादान " शिविर को सफल बनाने में सहयोग करें

ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हँड्स, धनबाद, झारखण्ड, भारत के संस्थापक सह केन्द्रिय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल ढ१ीॅील्ल३ ने जन संदेश में कहा,आमंत्रण स्वीकार कीजिए * आप रक्तदान माहादान कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं। आप आइये ओर रक्तदान करें ओर कुछ रक्तदाता-रक्तवीर- रक्तदानी को जागरूक कर रक्तदान-महादान का कार्य को जरूर करवाइये ।

# टाटा स्टील के सौजन्य से पालीडीह में काती प्रीमियम लीग-2023 का शुभारंभ।

**रवि कांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, पोटका(पूर्वी सिंहभूम)**

पोटका (झारखंड) 18 मार्च 2023: आदिवासियों की वर्षो पुरानी, विलुप्त होते जा रही पारंपरिक काती खेल को पुनर्जीवित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टाटा स्टील फाउंडेशन के ट्राईबल कल्चरल सोसाइटी द्वारा शुरू किये गये काती प्रीमियर लीग-2023 का शुभारंभ शनिवार को पालीडीह मैदान से विधिवत रूप से हो गया. प्रतियोगिता के पहले दिन झारखंड एवं ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्र से कुल 10 टीमों ने भाग लिया, जिसमें सर्वाधिक मैच जीतकर पीएन बोटोमडीह एवं जेजेयूसी राडुड़ की टीम सुपर-8 मे जगह बनाने मे सफल रही. प्रतियोगिता का शुभारंभ मे अतिथि के रूप मे विधायक संजीव सरदार के अनुपस्थिति मे उनकी प्रतिनिधि के रूप मे भरत सरदार मौजूद थे. इस मौके पर अतिथि श्री सरदार ने कहा कि काली खेल आदिवासियों का पारंपरिक खेल है, जिसे सर्वाधिक झारखंड एवं ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्र मे खेला जाता है. यह खेल विलुप्त होने के कगार पर था, लेकिन टाटा स्टील फाउंडेशन ने काती खेल को बचाने का प्रयास किया है, जिससे काती खेल पुनर्जीवित हुआ है. अब गांव के युवा के साथ-साथ बच्चे भी काती खेल रहे है, जो समाज के लिए गर्व की बात है. आयोजन मे सहयोगी की भूमिका निभा रही वीर शहीद गंगा नारायण सिंह मेमोरियल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक फुलचांद सरदार (लाल) ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 19 मार्च को राडुड़, 20 मार्च को ढेंगाम, 21 मार्च को हनुमंतबेड़ा (राजनगर), 22 मार्च को रांगामाटिया (डुमरिया), 23 मार्च को सिंदुरपुर, 25 मार्च को कुमड़ाशोल एवं 26 मार्च को कैरासाई मे आयोजित किया जायेगा, इस अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन के वरीय सहायक आरसी टुडू एवं बीरेन तियु के अलावा रेफरी गोपीनाथ सरदार, भुषंत सरदार, रविंद्र सरदार, रूपेस सरदार, जयदेव सरदार आदि मौजूद थे.



# दहेज प्रथा समाज का सबसे बड़ा अभिशाप : पं0बसंत नारायण शास्त्री जी।

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । मानगो दाई गुटू शिव हनुमान मंदिर के परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के षष्टम दिवस में समस्त भक्तों ने बड़े ही धूमधाम से मईया रुक्मणी भगवान द्वारकाधीश का विवाह उत्सव मनाया। कथावाचक पं० बसंत नारायण शास्त्री जी ने समस्त भक्तों को कथा के माध्यम से कहा कि हमारे समाज में दहेज प्रथा जैसे कुरीति के कारण कितने बहन बेटियों का घर उजड़ जा रहा है, समाज का सबसे बड़ा भिखारी वही है जो दहेज मांगता है। शास्त्री जी ने यह भी कहा कि आजकल प्रेम विवाह के नाम पर लोगों को धोखा दिया जा रहा है अतः अपने सनातन धर्म की वैदिक पद्धति से ही विवाह करना उचित है। मौके पर अधिवक्ता चिरंजीवी प्रकाश (पप्पूजी), समाजसेवी नीरज सिंह , नील कमल शेखर , गुड्डू तिवारी लल्लू जी, आचार्य ब्रजेश पांडे, सूरज अलोक, आदि समस्त भक्तों ने रुक्मणि मंगल का आनंद लिया।



# पाटाहेंसल में अष्टम पहर हरिनाम संस्कृत का आयोजन। भक्तों की उमड़ी भीड़।

**रवि कांत गोप, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड) 18 मार्च 2023 : प्रखंड के बड़ा सिजुलता पंचायत अंतर्गत पाटा हेंसल मंडल साई में शनिवार को अष्टम पहर हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसका समापन रविवार को झुलट के किया जाएगा।वहीं कृतन सुनने भक्तों की भीड़ उमड़ी।जहाँ पाटा हेंसल, हेंसल, सिजुलता, डांगरडीहा,हल्दीपोखर, तथा विभिन्न प्रखंडों से भी भक्त हरि नाम संकीर्तन सुनने पहुंचे।वहीं भक्तों के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया गया।इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष अंगद मंडल,तपन मंडल,सुजीत मंडल,अजित मंडल,अरूप मंडल,अनूप मंडल,खोकन मंडल,तथा ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।



# आनंद मार्ग एवं रोटरेक्ट क्लब का एमजीएम ब्लड बैंक मे 77वां मासिक रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्तसंग्रह व 100 पौधा दान

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ) ,18 मार्च 2023 : आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं रोटरेक्ट क्लब ऑफ कालीमाटी की ओर से एक दिवसीय 77वां मासिक रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को एमजीएम अस्पताल के सरकारी ब्लड बैंक में किया गया । इस शिविर में लगभग 30 यूनिट रक्त संग्रह हुआ जो कि मानव कल्याण के लिए एवं लगभग 100 पौधों रक्तदाताओं एवं एमजीएम कैम्पस में उपस्थित लोगों के बीच वितरण हुआ जो प्राकृतिक कल्याण के लिए किया गया । साथ ही सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित भी किया गया । इस रक्तदान महादान कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद मार्ग एवं रोटरेक्ट क्लब आफ कालीमाटी के अध्यक्ष दीपक मेहता,समीर सरकार, राकेश कुमार एवं सुनील आनंद का शराहनीय सहयोग रहा।



# मोहनपुर पुलिस ने चोरी की गई मोबाइल को रिकवर किया

**दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवादाता मोहनपुर देवघर**

मोहनपुर, देवघर (झारखंड) दिनांक 18 मार्च 2023:मोहनपुर पुलिस ने चोरी की मोबाइल को बरामद किया जो दिनांक 18 मार्च 2023 को मोहनपुर थाना अंतर्गत मिसिंग मोबाइल से संबंधित अंकित सन्हा में से 06 मोबाइल तकनीकी शाखा के सहयोग से बरामद किया गया है ,जिसमें से एक व्यक्ति को उनका अपना मोबाइल वापस दिया गया बाकी शेष 05 को सूचित कर मोबाइल प्राप्त करने का आग्रह किया गया है । थाना अंतर्गत चोरों की आतंक पर कंट्रोल किए जा रहे हैं जिससे मोबाइल चोरी मामले में पुलिस की तत्परता दिखाए जा रहे हैं जिससे मोबाइल चोरी करने वाले चोरों की अब खैर नहीं जिस पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। थाना क्षेत्र के अंतर्गत काफी संख्या में मिसिंग मोबाइल के संबंधित सनहा दर्ज किए गए थे जिनमें से 6 मोबाइल को बरामद किया गया। एवं बाकी मोबाइल की बरामद करने में लगी हुई है। मोबाइल की मोहनपुर हाट एवं अलग-अलग जगहों से चोरों के द्वारा की जाती है चोरी। काफी चोरों की आतंक बड़ी हुई है जो काफी संख्या में मोबाइल चोरी किए जाते थे, जिन पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी।

